

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

# सोन वर्षा वाणी

facebook.com/svvpress

हिन्दी दैनिक

11 नीरज चौपड़ा ने रचा इतिहास | तीन किशोर समेत दो हिरासत में चोरी का सामान हुआ बरामद 12

वर्ष : 25 | अंक : 168 | औरंगाबाद, बुधवार, 24 मई, 2023 | आर.एन.आई BIHHIN/1998/03009 | पेज : 12 | मूल्य : रु. 2.00 | www.sonvarshavani.com


परिणाम | यूपीएससी के सिविल सेवा का परिणाम घोषित, इशिता किशोर बनी सिरमौर

# सिविल सेवा में शीर्ष चार स्थानों पर महिला उम्मीदवारों ने मारी बाजी



इशिता किशोर पहले | गरिमा लोहिया दूसरे | उमा हराथी तीसरे | स्मृति मिश्रा चौथे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा के अंतिम परिणाम की आज घोषणा कर दी जिसमें कुल 933 उम्मीदवारों को सफल घोषित किया गया है इनमें से शीर्ष चार स्थानों पर महिला उम्मीदवारों ने बाजी मारी है। आयोग द्वारा मंगलवार को घोषित परिणामों में सफल घोषित 933 उम्मीदवारों में 613 पुरूष तथा 320 महिलाएं हैं। सुश्री इशिता किशोर पहले, गरिमा लोहिया दूसरे, उमा हराथी तीसरे तथा स्मृति मिश्रा चौथे स्थान पर रही हैं। शीर्ष 25 उम्मीदवारों में से 14 महिलाएं तथा 11 पुरूष हैं। पहले स्थान पर रही सुश्री किशोर ने राजनीति शास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विषय के साथ परीक्षा पास की है। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कालेज ऑफ कार्मस की अर्थशास्त्र की छात्रा रही हैं। दूसरे स्थान पर रही सुश्री लोहिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कालेज से कार्मस में पढाई की है। सिविल सेवा परीक्षा में उनके विषय कामर्स और अकाउंटेंसी थे। तीसरे स्थान पर रही सुश्री हराथी ने आई आई टी हैदराबाद से सिविल इंजीनयरिंग में बी टेक किया है। सिविल सेवा परीक्षा उन्होंने वैकल्पिक विषय एंथ्रोपोलोजी के साथ पास की। सुश्री मिश्रा दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कालेज से पढी हैं और सिविल सेवा परीक्षा में उनका वैकल्पिक विषय प्राणी विज्ञान रहा है। सिविल सेवा 2022 की प्रारंभिक परीक्षा 5 जून 2022 को हुई थी जिसके लिए 11 लाख 35 हजार 697 उम्मीदवारों ने आवेदन किया लेकिन 5 लाख 73 हजार 735 ने परीक्षा दी। इनमें से 13090 उम्मीदवारों ने प्रारंभिक परीक्षा पास की। इनमें से 2529 उम्मीदवारों ने सितम्बर 2022 में हुई मुख्य परीक्षा पास की जिनमें से 933 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के बाद सफल घोषित किया गया। सफल उम्मीदवारों में 41 बेंचमार्क दिव्यांग भी शामिल हैं।

### टॉपर्स की लिस्ट

1. इशिता किशोर, 2. गरिमा लोहिया, 3. उमा हरति एन, 4. स्मृति मिश्रा, 5. मयूर हजारिका, 6. गहना नव्या जेम्स, 7. वसीम अहमद भट, 8. अनिरुद्ध यादव, 9. कनिका गोयल, 10. राहुल श्रीवास्तव, 11 परसंजीत कौर, 12. अभिनव सिवाच, 13. विदुषी सिंह, 14. कृतिका गोयल, 15. स्वाति शर्मा, 16. शिशिर कुमार सिंह, 17. अविनाश कुमार, 18. सिद्धार्थ शुक्ला, 19. लघिमा तिवारी, 20. अनुष्का शर्मा

### पटना की बेटी है यूपीएससी टॉपर इशिता किशोर

पटना सिटी में उसका परिवार रहता है। पटना न केवल उसका पैतृक घर है, बल्कि उसका ननिहाल भी पटना के गर्दनीबाग में ही है। इशिता किशोर के पिता विंग कमांडर संजय किशोर अब इस दुनिया में नहीं हैं। इशिता का एक भाई है। प्रभात खबर से खास बातचीत में इशिता के भाई नवनीत ने कहा कि कि मेरी मां और पिता दोनों पटना से हैं। मेरे पिता एयरफोर्स में थे। वहीं मां भी फोर्स से रिटायर हुई हैं। एयरफोर्स की नौकरी के लिए उन्हें अलग-अलग जगहों पर काम करना पडा। इसी दौरान जब पिता की पोस्टिंग हैदराबाद में थी तो वहां इशिता का जन्म हुआ था। हालांकि मां ने रिटायरमेंट के बाद उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोयडा में घर ले लिया। इसलिए फिलहाल इशिता मां के साथ उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में रहती है। अपनी सफलता के बारे में बात करते हुए इशिता किशोर ने कहा कि मैं अपने रिजल्ट को लेकर खुद हैरान हूं। मुझे ये तो भरोसा था कि इस दफ़े मैं सफल हो जाऊंगी लेकिन टॉप करने की बात नहीं सोची थी। इशिता का यह तीसरा प्रयास था। पहले दो प्रयास में उन्हें पीटी में ही सफलता नहीं मिली थी। दो प्रयास में असफल होने के बावजूद उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और तीसरे प्रयास में इशिता ने यूपीएसएसी परीक्षा में टॉप किया है। इशिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि मेरी मां ने मुझे लगातार सपोर्ट किया। अपनी शिक्षा के संबंध में इशिता किशोर ने कहा कि वो दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कार्मस से इकनॉमिक्स की पढ़ाई की है। इशिता का ग्रेजुएशन में ऑप्शनल सब्जेक्ट पॉलिटिकल सांइस और इंटरनेशनल रिलेशन्स था। ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने एक मल्टीनेशनल कंपनी में दो वर्षों तक नौकरी की, लेकिन उनका सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाने का था। लिहाजा उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी।

भूमि विवाद सुलझाने को नीतीश सरकार की पहल

## 30 जून तक दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की संख्या शून्य करने का दिया निर्देश

निज संवाददाता



**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने 30 जून तक दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की संख्या शून्य करने का निर्देश दिया है। उन्होंने दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की जिलावार समीक्षा की। उन्होंने सभी अपर समाहर्ताओं को अपने जिले के अंचलों के साथ जूम पर साप्ताहिक बैठक करने को कहा ताकि लंबित मामलों की संख्या में कमी आए। उन्होंने इस बात पर संतोष जाहिर किया कि पिछले 3 महीने में दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की संख्या 10.30 लाख से घटकर 8.12 लाख हो गई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में पारू अंचल में अबतक मात्र 2.39 फीसदी दाखिल-खारिज मामले निपटाए जाने पर मुजफ्फरपुर के अपर समाहर्ता से कारण पूछा। भोजपुर के संदेश और जहानाबाद के घोसी अंचल में भी इस वित्तीय वर्ष में दाखिल-खारिज के निबटारे की गति बेहद कम पाई गई। शास्त्रीनगर स्थित सर्वे सभागार में हुई इस बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह, निदेशक, भू अर्जन सुशील कुमार और सभी संयुक्त सचिव के अलावा 38 जिलों के अपर समाहर्ता मौजूद थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि अगले 2 माह में राज्य के सभी राजस्व कर्मचारियों को लैपटॉप उपलब्ध करा दिया जाएगा। इससे लंबित वादों की संख्या को कम करने में सहूलियत होगी। दाखिल-खारिज की समीक्षा में बिना किसी वाजिब कारण के लंबित मामलों की संख्या सर्वाधिक पटना जिले में पाई गई। बगैर किसी कारण के 19 मई 23 तक जिले में दाखिल-खारिज के 10094 मामले लंबित पाए गए। 4517 संख्या के साथ रोहतास दूसरे स्थान पर जबकि 4281 के साथ मुजफ्फरपुर जिला तीसरे स्थान पर था। सबसे कम 486 लंबित मामले लखीसराय में मिले, जबकि 582 मामले के साथ बांका जिला दूसरे स्थान पर था। पटना जिले के 10094 लंबित मामले में सबसे अधिक आरओ स्तर पर 3080, आम सूचना-खास सूचना के स्तर पर 1022, क्लर्क के स्तर पर 617 और सीओ के स्तर पर 5375 मामले लंबित पाए गए। अभियान बसेरा के तहत पूरे राज्य में वासभूमि रहित परिवारों को दिसंबर तक जमीन उपलब्ध कराने का लक्ष्य विभाग ने तय किया है। इसके लिए सभी अपर समाहर्ताओं को अगले 15 दिनों में जिलावार सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इस सूची में पूर्व के सर्वे के बाद बचे हुए लोगों के नाम दर्ज रहेंगे, ताकि जरूरतमंदों की सूची बनाने और उन्हें वास भूमि उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल करने में सहूलियत हो। जानकारी के मुताबिक ऐसे परिवारों की संख्या 21 हजार 597 हैं।राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता ने पूर्व में ही अपने निर्देश में कहा है कि बंटवारे से या फिर परिवार बढ़ने से जो परिवार वास भूमि विहीन हो गए हैं उन्हें घर बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। छूटे हुए परिवारों का ताजा सर्वे करने के लिए मोबाइल एप की मदद ली जा रही है।

## वज्रपात से दरभंगा, बेगूसराय एवं वैशाली में 6 मरे, सीएम ने किया 4 लाख मुआवजा का ऐलान

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार में बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से अलग-अलग जिलों में 6 लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिया है। बता दें कि वज्रपात की चपेट में आने से दरभंगा में 3, बेगूसराय में 2 और वैशाली में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। सीएम नीतीश ने राज्य की जनता से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

वहीं दरभंगा जिले में मंगलवार सुबह बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में बिरौल और जाले प्रखंड के निवासी हैं। मुजफ्फरपुर के मोतीपुर थाना क्षेत्र के नकटा गांव में मंगलवार सुबह ठनका गिरने से दो पशुपालक सगे भाई आंशिक रूप से जख्मी हो गए हैं। दरभंगा के बिरौल थाने के कहुआ जगदीशपुर गांव में वज्रपात की चपेट में आने से दो किशोरों की मौत हो गयी, जबकि उनके साथ रहे दो अन्य किशोर जख्मी हो गये।

## दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन का काम सभी जिलों में शुरू, अबतक 853 करोड़ राजस्व की वसूली

सलोनी सिंह

**पटना।** बिहार में निबंधन होने वाले सभी दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन का काम शुरू हो गया है। सभी 38 जिलों में इसके लिए एजेंसी का चयन कर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही लोगों को रजिस्ट्री के साथ ही दस्तावेजों के मिलने का काम शुरू हो जाएगा। यह जानकारी उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के आयुक्त विनोद सिंह गुंजियाल ने कार्यालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि विभाग में मॉडल डीड के माध्यम से निबंधन की प्रक्रिया जारी है। इस वर्ष एक अप्रैल से 20 मई तक एक लाख 82 हजार से अधिक दस्तावेजों का निबंधन कराया जा चुका है। विभागीय वेबसाइट पर आमजनों की सुविधा के लिए 25 प्रकार के मॉडल डीड के प्रारूप मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 853 करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली हो चुकी है। इस बार राजस्व संग्रह के लिए निर्धारित लक्ष्य 6300 करोड़ रुपये का यह 13.56 प्रतिशत है। आयुक्त ने कहा कि ई-स्टॉप की बिक्री सभी सहकारिता बैंक के माध्यम से किया जा रहा है। इसके लिए सभी 137 निबंधन कार्यालयों में काउंटर खोले गए हैं। निबंधन से संबंधित किसी जानकारी या सहायता के लिए आमजनों की सुविधा के लिए टॉल-फ्री नंबर 14544 को भी काम कर रहा है।

उन्होंने बताया कि राज्य में अवैध शराब के खिलाफ 1 से 20 मई के बीच 93 हजार 716 छापेमारी की गई। 12 हजार 626 एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें मद्यनिषेध विभाग ने 7804 और पुलिस के स्तर से 4822 एफआईआर शामिल हैं। 24 हजार 183 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। होम डिलेवरी के आरोप में 675 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 1 लाख 56 हजार 811 लीटर देशी और 1 लाख 36 हजार 338 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि ड्रोन के माध्यम से 43 हजार 585 छापेमारी की गई है, जिसमें 1727 मामले दर्ज किए गए हैं। राज्य में 12 कंपनियों के माध्यम से 49 ड्रोन से बिहार के सभी जिलों में छापेमारी की जा रही है। शराब से जुड़े मामलों में 384 वाहन भी जब्त किए गए हैं, जिसमें 130 वाहन मद्य निषेध विभाग और 254 वाहन पुलिस ने जब्त किए हैं। मद्य निषेध विभाग प्रत्येक दिन औसतन 784 गिरफ्तारी कर रहा है।

मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट

## आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश की संभावना

● इसी दौरान 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार में पिछले कुछ दिनो से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद बिहार के कई इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। इसी बीच पटना के मौसम विज्ञान केंद्र ने बिहार के विभिन्न जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र की तरफ से 26 मई तक बिहार के कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है जबकि कुछ जिलों में आंधी तूफान के साथ भारी बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसी दौरान 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। विभाग के अनुसार मौसम में इस बदलाव के लिए मुख्य रूप से समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक चक्रवाती परिसंचरण को जिम्मेदार ठहराया गया है। मालूम हो कि बिहार के कई जिले इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। जहां बीते दिन यानी सोमवार को पांच पांच स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा जबकि राज्य में सबसे अधिक तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस औरंगाबाद जिले में दर्ज किया गया।


जैन वस्त्रालय

नौजादिक कम्प्लेक्स, ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद

सुटिंग, शर्टिंग, फैन्सी साड़ियां एवं ड्रेस मेटेरियल के विक्रेता

लगन के अवसर पर आकर्षक डिजाईनों में कपड़ों की खरीददारी हेतु पधारें।


## पूर्व सांसद शिवानंद तिवारी की धर्मपत्नी स्व. बिमला देवी के अंतिम संस्कार में शामिल हुये मुख्यमंत्री



निज संवाददाता

**पटना।** पूर्व सांसद शिवानंद तिवारी की धर्मपत्नी स्व. बिमला देवी का मंगलवार को दीघा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दीघा घाट पर स्व. बिमला देवी के पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया तथा पुष्प अर्पित कर अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व सांसद शिवानंद तिवारी, पूर्व मंत्री अब्दुलबारी सिद्दीकी, विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, पूर्व सांसद शिवानंद तिवारी के पुत्र विधायक राहुल तिवारी सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


जमीन बिक्री | जमीन बिक्री | जमीन बिक्री

एक लाख पचास हजार रूपया प्रति डिसमील

Riyaashrya RealState Private Limined

Riyaashray REALSTATE PRIVATE LIMITED

आवासीय जमीन

ग्रेडर औरंगाबाद (हारीवारी) नौगढ़

जमीन से दूरी : रमेश चौक से 8.0 किलो मीटर भाया नावाडीह

ब्लॉक ए (10 डिसमील) ब्लॉक बी से ई (5 डिसमील)

विशेषताएं

- बाउन्ड्री
- बिजली खम्भा
- नाला
- वृक्षारोपण
- व्यायाम पार्क
- 16 फिट रास्ता
- CCTV Camera
- बगीचा
- मूर्ति 10 फिट
- Water Fountain

नोट : पहला 20 प्लॉट (5 डि x 20 प्लॉट ) 10 प्लॉट (10 डि x 10 प्लॉट )

पहले आएं, पहले पाए स्कीम के तहत पहले 20 ग्राहकों को

रजिस्ट्री, मोटेशन मुफ्त एवं कम्पनी के तरफ से गिफ्ट (नियम व शर्तें लागू)

स्थान : आश्रय होम फेज-2 (आवासीय परियोजना)

नियर हारीवारी गाँव, नौगढ़, औरंगाबाद-824102 (बिहार)

Contact : Mr. Sanjeev Kumar, Mob. 9910430781, 7261881900

U.S. Hotel, Maharajgunj Road, Aurangabad, Bihar-824101

Company Add.

Riyaahray Realstate Pvt. Ltd. 205 Narayan Plaza, Exhibitaion, Road, Patna-800001



Contact : 9931410693, 9431270628

MANGAL MANI Jewellers

91.6 Hallmark Gold, Diamond Ornaments

Near- Moti Saw Shiv Pujan Prasad Jewellers, Opp. SBI Bazar Branch, Old G.T. Road, Aurangabad (Bihar)


## वज्रपात की चपेट में आने से दो लोगों की हुई मौत

बेगूसराय (नि.सं.)। बेगूसराय से आ रही है, जहां बारिश के दौरान ठनका गिरने से उसकी चपेट में आकर दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक शख्स बूरी तरह से झुलस गया है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना चकिया ओपी के नगर परिषद बिहट चकबल वार्ड संख्या 20 की है। मृतकों की पहचान वार्ड संख्या 19 निवासी मुगल महतो के 50 वर्षीय बेटे उमा महतो और गढहरा वार्ड 17 निवासी कैलाश राम का बेटे अरुण राम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों नगर परिषद के बीहट वार्ड संख्या 20 चकबल में शंभू साह के घर मकान के निर्माण कार्य में लगे थे।

# अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक

निज संवाददाता, नवादा



दीपक कुमार मिश्रा प्रभारी जिला पदाधिकारी नवादा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकबक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही का अनुपालन की समीक्षा किया गया ।अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण के तहत पीड़ित लाभुकों को उपलब्ध कराई गई राशि की समीक्षा की गई ।पेंशन भुगतान की समीक्षा, दैनिक प्रतिवेदन से संबंधित और आरोप पत्र लंबित कांडों की भी समीक्षा की गई। प्रभारी जिला पदाधिकारी ने अभियोजन अधिकारी को निर्देश दिया कि सिविल कोर्ट में आने वाले गवाहों को डीए/टीए निर्धारित विभागीय अनुरूप राशि के अनुसार देना सुनिश्चित करें । अनुसूचित जाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं नियम 1995 के तहत राहत राशि मुआवजा का भुगतान लाभुकों के संबंधित बैंक में आरटीजीएस के माध्यम से किया जा रहा है ।इसके तहत 26 फरवरी 23 तक 69 लाभुकों को राशि प्रदान की गई है ।यह राशि 50000 से 25000 तक है। प्रथम किस्त की राशि सभी वांछित लाभुकों को प्रदान कर दी गई है। इसके अलावे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं नियम 1995 के तहत हत्या के मामले में मृतक के निकटतम आश्रितों को प्रति माह स्वीकृत मासिक पेंशन दी जा रही है जो 3000 से 45000 प्रति माह है ।इसके तहत 36 लाभुकों को महंगाई भत्ता के साथ कुल 2,03,005 राशि प्रदान किए जा रहे हैं ।इस अधिनियम के तहत जिले में अभी कुल राशि एक करोड़ 1लाख 86000 रू उपलब्ध है ।अब तक की गई राशि का भुगतान 22 लाख 84000 किया गया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, जिला सूचना जनसंपर्क, वरीय उप समाहर्ता के साथ सदस्य आदि उपस्थित थे।

# उपद्रवियों ने राशन दुकान में लगाई आग,पांच लाख की सम्पत्ति जलकर खाक

निज संवाददाता, रजौली



थाना क्षेत्र के डीह रजौली गांव में उपद्रवियों द्वारा राशन की दुकान में सोमवार की देर रात्रि आग लगा दी।जिससे दुकान में रखे लगभग पांच लाख रुपये की सम्पत्ति जलकर खाक हो गया।पीड़ित दुकानदार डीह रजौली निवासी स्व ललन पाण्डेय के पुत्र लौकेश पाण्डेय ने बताया कि वे बीते आठ वर्षों से गांव में गुमटी में राशन आदि बेचकर अपनी विधवा मां सहित अन्य परिजनों का पालन-पोषण कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन की भांति सोमवार की शाम को दुकान बंद कर घर आ गया।सुबह जब दुकान के पास जाकर देखा तो पाया कि गुमटी समेत सारा समान जलकर खाक हो गया है।पीड़ित दुकानदार ने बताया कि दुकान में आग लगने से परिवार में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।वहीं दुकानदार के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था।वहीं पीड़ित परिवार स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से मुआवजे की गुहार भी लगाई है।ताकि दुकानदार व उनके परिजनों का पालन-पोषण हो सके।साथ ही पीड़ित दुकानदार ने कहा कि थाने को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर पवन कुमार ने कहा कि दुकान में आगलगी की घटना को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।जांचोपरांत कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# उप विकास आयुक्त ने किया लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत् द्वितीय अपील की सुनवाई

निज संवाददाता, नवादा

दीपक कुमार मिश्रा प्रभारी जिला पदाधिकारी नवादा ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत् द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत 08 परिवादी उपस्थित हुए जिसमें 04 मामलों का ऑन स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद श्रीमती रानी देवी, ग्राम-बहादुरगंज, पोस्ट$पंचायत-ओड़ो, प्रखंड नारदीगंज द्वारा ऑन लाईन शिकायत दर्ज किया गया। परिवाद की जॉचोपरान्त मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने हेतु प्रखंड विकास नारदीगंज को निर्देषित किया गया। द्वितीय अपीलवाद चन्द्रदानी सिंह, ग्राम$पता-श्रीरामपुर, पो0-बढ़ौना, प्रखंड-हिसुआ द्वारा दिनांक 13.04.2023 को ऑनलाईन आवेदन दिया गया, जिसमें अपीलार्थी की अनुपस्थिति की वजह से सुनवाई की तारीख को बढ़ा दिया गया है। परिवादी सियाषरण सिंह, पिता-बाबूलाल सिंह, ग्राम-भदसेनी, प्रखंड-हिसुआ द्वारा ऑनलाईन आवेदन दिया गया जिसके आलोक में संबंधित पदाधिकारी द्वारा जॉचोपरान्त शिकायत का निष्पादन कर दिया गया। द्वितीय अपीलवाद विनायक कुमार, ग्राम-भदोखरा, अंचल-नवादा द्वारा ऑनलाईन आवेदन देकर शिकायत दायर किया गया, जिसे संबंधित पदाधिकारी द्वारा जॉच कर निष्पादन कर दिया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले को दो माह के अन्दर सुनवाई कर निवारण कर दी जाती है। प्रखंडों, पंचायतों से संबंधित विवादध्समस्या को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदरध्रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकते हैं। जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण कराने के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने तरफ लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों के सुनवाई और निवारण में दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं ली जाती है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की ,निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में की गयी है। आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क कहीं भी अपील दायर की जा सकती है। शिकायत का निवारण अब और आसान हो गया है। अब ऑनलाईन भी शिकायत/अपील की जा सकती है। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समाधान पाएं।

# निर्विरोध निर्वाचित हुई पूर्व नप अध्यक्षा शोभा कुमारी, वार्ड 19 की बनी पार्षद

निज संवाददाता, हिसुआ ( नवादा )

नगर परिषद हिसुआ के होने वाले निकाय चुनाव में जदयू के वरिष्ठ नेता सदानंद पटेल ऊर्फ चिना की धर्मपत्नी पूर्व पार्षद सह नगर पंचायत हिसुआ के पूर्व अध्यक्षा शोभा कुमारी ने वार्ड संख्या 19 से वार्ड पार्षद पद पर निर्विरोध निर्वाचित होकर नगरपरिषद के चुनाव मे एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बतादें कि 2023 चुनाव के पूर्व हिसुआ नगर पंचायत हुआ करता था, लेकिन नए परिसिमन में हिसुआ नगरपरिषद बन गया है और नगरपरिषद बनने के बाद यहाँ पहली बार चुनाव हो रहा है। बतादें कि शोभा कुमारी की पहचान एक साफ - सुथरा और स्पष्टवादी महिला के रूप में है। इनके काम करने के अलग तरिके से लोग काफी प्रभावित रहते है। शहर के अंदर हर छोटी - बड़ी कार्यक्रमों में महिला होकर भी इनकी सहभागिता बढ़ - चढ़कर होता है। इस बार के चुनाव में उनके खिलाफ सोनी कुमारी नामक उम्मीदवार अपना नामांकन करवाई थी, लेकिन शोभा कुमारी के कुशल व्यक्तित्व को देखते हुए उन्होंने अपना नामांकन वापस लेकर शोभा कुमारी के लिए जीत का मार्ग प्रशस्त किया। शोभा कुमारी के निर्विरोध निर्वाचन की खबर सुनते हीं उनके आवास पर उनके समर्थक पहुंचकर उन्हें बधाई दे रहे है। उन्होंने अपना जीत हिसुआ की जनता को समर्पित किया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि हमसे जो भी हो सकेगा हर संभव हिसुआ नगर परिषद क्षेत्र और अपने वार्ड के विकास करवाने के लिए तत्पर रहूंगी। इस मौके पर सुनील सिंह, गोपाल चौधरी, सुनील कुमार पत्रकार, शंकर कुमार, शशि शेखर उर्फ पलन कुमार, प्रहलाद कुमार सत्यानंद पटेल, सच्चिदानंद पटेल, रवींद्र कुमार, बबलू जी, बिट्टू पटेल, धीरज कुमार, ममता कुमारी समेत अन्य लोगों ने बधाई व शुभकामना दिया है ।

# एक महिला को हुआ बंध्याकरण

निज संवाददाता, नारदीगंज

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान प्रखंड के एक महिला को बंध्याकरण कर परिवार नियोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने कार्यक्रम में आये एक महिला को बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया।मौके पर लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने परिवार नियोजन के लिए आये महिलाओं को खून जांच,मूत्र जांच,रक्त चाप व अन्य जांच किया।मौके पर एएनएम किरण कुमारी,जीएनएम शोभा कुमारी, परिचारी सुनील कुमार गुप्ता के अलावा ममता कार्यकर्ता सरस्वती कुमारी मौजूद रहे।

# गर्भावस्था में शिशुओं को करे उचित देखभाल -प्रभारी



निज संवाददाता, नारदीगंज

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को आशा कार्यकर्ता व एएनएम के साथ बैठक हुई।अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी डा0 नवीन कुमार ने की।इस बैठक में अनमोल एप्प पर चर्चा के साथ एनएचएम के अंतर्गत कार्यक्रमों पर भी चर्चा की ।उन्होंने आशा कार्यकर्ता व एएनएम अपने पोषक क्षेत्र में परिवार नियोजन को बढ़ावा दे,इस के लिए लोगों को जागरूक भी करे।माह में कम से कम दो व्यक्तियों को परिवार नियोजन के लिए लक्ष्य दिया गया है,निर्धारित लक्ष्य को अवश्य पूरा करना है,गर्भावस्था में शिशुओं का उचित देखभाल करे।सीएचसी में संस्थागत प्रसव कराने में अपनी भागीदारी को निभाये, इस स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए पूर्ण व्यवस्था है।आप सभी लोगों को जागरूक करे।इसके अलावा नियमित टीकाकरण, आरसीएच पंजी, उयुलिस सर्वे पंजी के साथ गतिमान में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई ।मौके पर लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार,स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार,लेखापाल जयप्रकाश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# व्रजपात,आगजनी, सड़क दुर्घटना व अन्य आपदाओं से बचाव को लेकर किया गया जागरूक

निज संवाददाता, वारिसलीगंज



नगर परिषद के महिला महाविद्यालय के सभागार में मंगलवार को आपदा प्रबंधन के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। संदीप वर्मा आपदा प्रबंधन सलाहकार ने बताया कि बिहार देश के सर्वाधिक बहु-आपदा प्रवण राज्यों में से एक है, जहां सभी तरह के प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाएं घटित होती है। हर वर्ष यह राज्य जहां एक ओर बाढ़ के प्रकोप से ग्रसित होता है। दूसरी ओर सुखाड़, भूकंप, अगलगी, वज्रपात, लू, शीतलहर आदि प्राकृतिक आपदाओं को झेलता है। उन्होंने कहा कि लोगों की मृत्यु आपदाओं के संदर्भ में तैयारियां व जागरूकता की कमियों के कारण अधिक होती है। आपदा प्रबंधन विभाग के सलाहकार श्री वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिए युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन के विषय में जागरूक करना है। आपदा से संबंधित खतरे से सुरक्षा के विषय में यदि लोगों को पहले से ही जागरूक हो तो उससे हो रहे हानि को कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भूकंप, बाढ़, चक्रवात अतिवृष्टि, आदि जैसे प्राकृतिक आपदाओं अचानक आ जाने से लोगों में डर एवं घबराहट का माहौल फैलने लगता है। जानकारी के अभाव में हम जान माल की सुरक्षा करने में असमर्थ रहते हैं। इसलिए लोगों को प्राकृतिक आपदा एवं सड़क दुर्घटना आदि जैसे जानलेवा खतरों से निपटने के लिए आवश्यक उपायों एवं तत्काल निर्णय लेने की तरीकों के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने वज्रपात को लेकर विशेष रूप से छात्राओं को मॉक ड्रिल करके बताया। दूसरी ओर नवादा अग्निशमन विभाग से सोम बहादुर तमांग के निर्देशन में आग से बचाव किचन में गैस सिलेंडर से बचाव के तौर तरीके सिखाए गए। एवं छात्राओं से मॉक ड्रिल करके सिखाया गया। वारिसलीगंज नप के महिला महाविद्यालय परिसर में अग्निशमन अधिकारियों द्वारा आगलगी खासकर किचन में रखा गैस आदि में आगलगी के बाद उसे सहजतापूर्वक निबटने के गुण छात्रों को सिखाए गए। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य समेत अन्य शिक्षक छात्र-छात्राएं आग बुझाने का आसान तरीका सिखा।इस दौरान उक्त महाविद्यालय के शिक्षकों-शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा प्रशिक्षणार्थियों को आग से बचाव के विभिन्न तरीकों का डेमो दिखा कर आग पर काबू पाने का उपाय बताया गया। मौके पर लोगों को आगजनी के कारण इसके निवारण आदि से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दिया गया।कहा गया की खेतों में लगने वाली आग और इसके साथ रसोईघर में प्रयोग किए जाने वाले गैस सिलेंडर में अचानक आग लग जाने के की खतरनाक घटना से बचाव को लेकर लोगों खासकर छात्राओं को जागरुक किया गया।अगलगी का डेमो कर सरलता एवं सफलतापूर्वक सिलेंडर में लगी आग को बुझा कर दिखाया गया।डेमो को देखकर छात्र काफी उत्साहित दिखे इसके बाद महाविद्यालय की छात्राओं को सिलेंडर में लगी आग को बुझाने का डेमो प्रस्तुत कर जागरूक किया गया।मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।

# फ्रंटलाइन स्कूल पब्लिक, एवं एडुराइज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में बच्चों को एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया

निज संवाददाता, नवादा

नगर भवन में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रहे मगध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र के सेवानिवृत्ति विभागीय डॉ. प्रो. भारत भूषण ने अपने पार्टनर से कहा कि उनके बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ एक नेक मानव बनने की प्रेरणा फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल में दी गई है, यह एक बड़ी बात है। विशेष रूप से स्केम कॉलेज, नवादा के पूर्व आचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार सिन्हा, वर्द्धमान महावीर कॉलेज, पावापुरी के हिंदी विभाग ग्रेड डॉ। रतन कुमार मिश्र, साहित्यकार एवं शिक्षक डॉ. गोपाल प्रसाद 'निर्दोष', एडुराइज इंडिया के प्रमुख राहुल कुमार एवं फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल के जिम्मेदार प्रो। विजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर इस प्रतिभा सम्मान समारोह की शुरुआत की। अपने बयान में डॉ. देवेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल इस शहर की ऐसा नौकरी संस्थान है जो सबसे ज्यादा मेहनत करके सबसे ज्यादा और सबसे अच्छा रिजल्ट देता है। यहाँ के लिए आसान को चाहिए कि वे अपने बच्चों का यहाँ नामांकन करके सबसे अधिक लाभ उठाएँ एवं बच्चों को अत्यधिक भविष्य दें। वहीं डॉ. रतन कुमार मिश्र ने कहा कि आनंद नगर, छतर में स्थित फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल ही एकमात्र ऐसा स्कूल है, जो एक शिक्षाविद् एवं अनुभवी प्राध्यापक द्वारा संचालित है और इसका लाभ सीधे छात्रों को मिलता है। जबकि दिल्ली के जाने माने साहित्यकार एवं शिक्षक डॉ. गोपाल प्रसाद 'निर्दोष' ने मंच को संदेश देते हुए कहा कि फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल अपने जिले की एक ऐसी इकलौती शैक्षिक संस्था है, जहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति, साहित्य, खेल, कला आदि का संस्कार दिया जाता है और इस तरह बच्चों का सर्वांगीण विकास कर प्रत्येक क्षेत्र में स्कॉलर तैयार किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस स्कूल में न्यूनतम जमा राशि सबसे अधिक ली जा सकती है। कहने का मतलब है कि यहां सबसे कम फी सागर कर आप अपने बच्चों के लिए हाईलाइट भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

उसी समय एडुराइज इंडिया के संस्थापक राहुल जी ने जे.पी. और नीट में विवरण देते हुए कहा कि अच्छी संस्था के साथ-साथ पढ़ने के लिए भी प्रेरित करता है। फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल ऐसा ही करता है और ये बहुत बड़ी बात है। इसके साथ ही उन्होंने फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल के सात विद्यार्थियों को सौ प्रतिशत स्कॉलरशिप भी देने की घोषणा की। यह स्पष्ट है कि फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल के छात्र यदि एडुराइज इंडिया में नामांकन चुनते हैं तो उन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा, उनकी पूरी फीस माफ कर दी जाएगी।

# मिशन लाइफ के तहत वनकर्मियों ने चलाया साफ-सफाई अभियान

निज संवाददाता, रजौली



मुख्यालय स्थित वन परिसर में मंगलवार को रेंजर मनोज कुमार के नेतृत्व में वनकर्मियों द्वारा मिशन लाइफ स्टाइल फ़ॉर एनवायरनमेंट के तहत साफ-सफाई अभियान चलाया गया।रेंजर ने बताया कि मिशन लाइफ पर्यावरण के प्रति जागरूकता जीवन को बढ़ावा देता है,जो 'विवेकहीन और दिनचर्या' के बजाय 'सावधानी के साथ और सुविचारित उपयोग' पर केंद्रित है।मिशन लाइफ में इस बात पर जोर दिया गया है कि पर्यावरण को हम बचाएंगे,तभी हम भी आगे बच पाएंगे।जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणामों को देखते हुए इस अभियान की शुरुआत की गई है।मिशन लाइफ न केवल पर्यावरण और जिंदगी बचाने पर केंद्रित है,बल्कि इसका सीधा संबंध अर्थव्यवस्था से भी है।इसमें हर एक इंसान को अपनी जिम्मेदारी समझने की अपील की गई है।छोटे से लेकर बड़े-बड़े काम को पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाने की अपील की गई है।प्लास्टिक बैग का ही उदाहरण लें।हमें प्लास्टिक की थैली धड़ल्ले से इस्तेमाल करने की आदत लग गई है जो कि हमारी प्रकृति में जहर के समान है।मिशन लाइफ बताता है कि अगर प्लास्टिक छोड़ हम कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें तो बड़े स्तर पर पर्यावरण को बचा सकते हैं।मिशन लाइफ में पानी बचाने पर बहुत बड़ा फोकस किया गया है।दुनिया में जल संकट एक बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है।इस दौरान वनपाल कशिश कुमार के अलावे दर्जनों वनरक्षी मौजूद रहे।

# पत्रकार को पितृ शोक

निज संवाददाता, नवादा

जिले के वरिष्ठ पत्रकार रामजी प्रसाद के भाई व न्यूज़ 18 के पत्रकार अनिल विशाल के पिता लक्ष्मण प्रसाद का आकस्मिक निधन हो गया।उनके निधन पर जिले के विभिन्न पत्रकार संगठनों ने गहरा दुःख प्रकट करते हुए दिवगंत आत्मा की शांती के लिए भगवान से प्रार्थना किया।वही दुःख की घड़ी में स्वजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।इंडियन जर्नलिष्ट एशोसियेशन के सदस्यों ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन समर्पित किया।जानकारी के अनुसार श्री प्रसाद कई दिनों से बीमार चल रहे थे।

# अवैध आरा मशीन पर चला वन विभाग का डंडा,मशीन को किया जब्त

## आरा मशीन संचालक पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता, रजौली



थाना क्षेत्र के मसहइ मोहल्ला में संचालित अवैध आरा मशीन को रेंजर मनोज कुमार ने वनकर्मियों के सहयोग से जब्त किया।इस दौरान शीशम के 3 बोटा व इंजन आदि को जब्त किया गया।इस दौरान वनपाल कशीष कुमार भी मौजूद रहे।रेंजर ने बताया कि बीते कुछ दिनों से अवैध आरा मशीन के संचालन को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर वनकर्मियों के सहयोग से छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान आरा मशीन व इंजन के अलावे शीशम की लकड़ी बरामद की गई।उन्होंने बताया कि अवैध आरा मशीन के संचालक की पहचान मसहइ मोहल्ला निवासी स्व प्रयाग मिस्त्री के पुत्र रंजीत मिस्त्री के रूप में हुई है।रेंजर ने बताया कि रंजीत मिस्त्री द्वारा हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती गांव पिछली,जमुंदाहा आदि गांवों से अवैध लकड़ी कटाई करवाकर आरा मशीन में मंगवाया करता था।रेंजर ने बताया कि अवैध आरा मिल संचालक के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।इस मौके पर वनरक्षी गणेश कुमार यादव,रंजन कुमार,रवि प्रताप सिंह,रजनीकांत कुमार,गुंजन कुमार,शिखा कुमारी,पूजा कुमारी,साक्षी कुमारी व प्रियंका कुमारी के अलावे दर्जनों वनकर्मी मौजूद रहे।

### आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने मुख्य सड़क पर शव को रख घंटों किया सड़क जाम

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**निज संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज-सासाराम मुख्य पथ पर मंगलवार को लगभग 3 बजे के आसपास जरलाही मठिया मुख्य गेट के समीप तेज रफ्तार से आ रही ब्रेजा कार ने ले ली फ़ेरीवाले की जान। आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने मुख्य सड़क पर शव को रख घंटों किया सड़क जाम। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिक्रमगंज से सासाराम की ओर तेज रफ्तार से जा रही ब्रेजा कार ने एक फ़ेरी वाले की जान ले ली। घटना के बारे में बताया जाता है कि फ़ेरीवाला अपनी साइकिल से मुख्य सड़क जैसे ही पार कर रहा था तो उसी समय बिक्रमगंज की ओर से तेज रफ्तार से आ रही ब्रेजा कार ने साइकिल सवार में जोरदार टक्कर मार दी। सूत्रों के हवाले बताया गया कि ब्रेजा कार ने फ़ेरीवाले के शरीर को मुख्य सड़क पर घसीटते हुए महज 100 मीटर की दूरी पर ले गया और चालक वाहन को लेकर भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों ने गाड़ी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। स्थानीय लोगों ने घटित घटना के बारे में स्थानीय थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिक्रमगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच जायजा लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया। आपको बताते चले कि घटनास्थल पर दावथ थानाध्यक्ष संजीव कुमार व संझौली थानाध्यक्ष मुकेश कुमार भी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह भी घटनास्थल पहुंच जायजा लेने के लिए पहुंचे हुए थे। वहीं घटना को लेकर मृतक के परिजनों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर मुख्य सड़क पर शव को रख मृतक के परिजनों को उचित मुआवजे को लेकर मुख्य सड़क को लगभग घंटों जाम रखा। घटना की सूचना मिलते ही काराकाट प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जयश्री मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। घटित घटना को लेकर जयश्री पंचायत मुखिया के प्रतिनिधि श्री सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी को दूरभाष से घटित घटना के बारे में बताया। साथ ही साथ मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। तो अनुमंडल पदाधिकारी श्री पाल ने स्थानीय मुखिया को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान के मुताबिक जो भी सहायता राशि होगी मृतक के परिजनों को दी जाएगी। तत्पश्चात वरीय अधिकारियों के आश्वासन के उपरांत सड़क जाम को हटवाया गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बिक्रमगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मृतक काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जयश्री के रहने वाले मूल निवासी महेंद्र साह के 20 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार की मौत ब्रेजा कार की चपेट में आने से हो गई है। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए परिजनों के समक्ष कानूनी कार्रवाई करते हुए अंत्य परीक्षण करने के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मौके पर मृतक की मां सीता देवी, बड़े भाई कमलेश कुमार अपने भाई के शव को देख दहाड़ मारकर रोने लगे। साथ ही साथ मृतक के स्थानीय गांव से भी सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ट्रक मे मारी पीछे से टक्कर, दो घायल

**निज संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के आरा मोहनिया राष्ट्रीय राजमार्ग तीस पर आरा तरफ से आ रही स्कॉर्पियो ने पीछे से ट्रक मे टक्कर मार दी। जिसमे दो लोग बुरी तरह घायल हो गये। बताया जाता है कि सोमवार की देर शाम स्कॉर्पियो से आरा तरफ से भभुआ के तरफ शादी समारोह मे शिरकत करने जा रहे थे कि कोचस नदी के पास अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो ट्रक मे टक्कर मार दी । जिससे स्कॉर्पियो मे सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गये। जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया। घायलों मे गौतम कुमार पिता मदन प्रसाद केशरी व गुड़िया कुमारी बतायी जाती है। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डा. तुषार कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। बाकी स्कॉर्पियो मे बैठे लोग सुरक्षित है। फिलहाल घायलों की स्थिती चिंताजनक बताई जाती है।

### केस डायरी पेश करने में लापरवाही

## व्यवहार न्यायालय ने नगर थानाध्यक्ष के वेतन से 5000 कटौती का दिया आदेश

**निज संवाददाता**



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास व्यवहार न्यायालय ने मंगलवार को सासाराम नगर थानाध्यक्ष के वेतन से 5000 कटौती का आदेश दिया है। केस डायरी पेश करने में लापरवाही को लेकर कोर्ट ने यह सख्ती दिखाई है। जिला व्यवहार न्यायालय स्थित अपर सत्र न्यायाधीश 5 रजनी कुमारी की अदालत ने सासाराम नगर थानाध्यक्ष के वेतन निकासी से 5000 स्थगन व्यय के रूप में काटने का आदेश जारी किया है। उक्त आदेश अग्रिम जमानत वाद संख्या 2527/2022 में जारी किया गया है। मामले की प्राथमिकी सासाराम नगर थाना कांड संख्या 780६ 2022 में दर्ज हुई थी। इस मामले में अग्रिम जमानत वाद दायर किया गया था। जिसमें लंबे समय से कोर्ट द्वारा वाद दैनिकी की मांग की जा रही थी। इससे पूर्व भी कोर्ट में उक्त थानाध्यक्ष के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया था। जिसके बाद भी थानाध्यक्ष द्वारा कानूनी आदेश को नहीं मानने पर कोर्ट ने उक्त आदेश जारी किया है।

## सीएचसी को चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा कराया गया हस्तगत

**सूर्यपुरा (रोहतास) (नि.सं.)।** सूर्यपुरा में सात करोड़ की लागत से बने सीएचसी का आलिशान भवन संवेदक द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को हस्तगत कराया गया। भवन को हस्तगत करने से पूर्व संवेदक व भवन निर्माण विभाग के जेई द्वारा उसमें लगाए गये सिस्टम, कुर्सी- टेबल सहित अन्य उपकरणों का निरीक्षण कराया गया।

## पशु बांधने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**निज संवाददाता**

**दिनारा (रोहतास)।** प्रखंड अंतर्गत नटवार थाना क्षेत्र के नटवार गांव में सोमवार को पशु बांधने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गया जिसमें दो लोग घायल हो गए।घायलों में अक्षयबर साह का पुत्र गुड्डू साह एवं मछु सिंह घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिनारा में इलाज कराया जा रहा है। इस संबंध में दोनों तरफ से पशु बांधने के दौरान मारपीट एवं गाली गलौज करने की प्राथमिकी कराई गई है। जिसमें मछु सिंह की पत्नी पूजा देवी के बयान पर कमलेश शाह सहित चार लोगों को आरोपी बनाया गया है जबकि कमलेश साह के बयान पर मछु सिंह सहित चार लोगों के विरुद्ध नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी कराई गई है। थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी ने बताया कि दोनों तरफ से प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

### सासाराम-आरा स्टेट हाईवे पर हुआ हादसा, बस चालक फरार

## सिटी बस और ऑटो में टक्कर, दो घायल

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम प्रखण्ड के लालगंज गांव के पास मंगलवार को दोपहर एक तेज रफ्तार सिटी राइड ने ऑटो में जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे दो टेंपो सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सासाराम-आरा स्टेट हाईवे पर घटी है। लोग घटना के बारे में बताते हैं कि टक्कर के बाद सिटी राइड बस का चालक गाड़ी को लेकर फरार हो गया। घटना के बाद जुटे लोगों ने घायलों की पहचान के बाद उनके परिजनों को सूचना दी। घायलों में सासाराम के यादव मुहल्ला के बिहारी सिंह का बेटा योगेंद्र कुमार 20 साल और यादव मुहल्ला के सुरेश शाह का बेटा मनोज कुमार गुप्ता बताए जा रहे हैं। दोनों ऑटो से दिनारा जा रहे थे, इसी क्रम में दुर्घटना के शिकार हो गए। घटना के बाद जुटे लोगों और परिजनों ने घायलों को आनन-फानन में सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार मनोज गुप्ता के सर में गंभीर चोट लगी है, जबकि योगेंद्र कुमार को हाथ और पैर में गंभीर चोट लगी है। दोनों का इलाज चल रहा है। घटना के बाद लालगंज में आक्रोश है, ग्रामीणों ने बताया कि ब्रेकर के आभाव के कारण यहां अक्सर दुर्घटना होती रहती हैं।

## क्रिकेट के फाइनल में बभंडी की टीम जीती

**नासरीगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** इटिम्हां खेल मैदान में न्यू राणा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अमियावर को हराकर बभंडी की टीम ने जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए अमियावर की टीम ने निर्धारित छह ओवर में आठ विकेट खोकर 46 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बभंडी की टीम ने चार ओवर में ही मात्र दो विकेट खोकर 47 रन बना लिए।

### रोहतास के दावथ अंचल की राजस्व पदाधिकारी पद पर थी कार्यरत

## दीक्षा राय को सिविल सेवा परीक्षा में मिली सफलता, 374वां स्थान

**निज संवाददाता**




**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले के दावथ अंचल में पदस्थापित राजस्व पदाधिकारी दीक्षा राय को सिविल सेवा परीक्षा में सफलता मिली है। मंगलवार को आए सिविल सेवा परीक्षा 2022 के अंतिम परिणाम में उन्होंने 374वां स्थान प्राप्त किया है। दीक्षा राय बक्सर जिला के औद्योगिक थानाक्षेत्र के अर्जुनपुर निवासी धर्मेंद्र राय की बेटी हैं। धर्मेन्द्र राय आरपीएफ में कार्यरत हैं। दीक्षा राय वर्तमान में दावथ प्रखण्ड की राजस्व पदाधिकारी हैं। दावथ के अंचलाधिकारी नवलकांत ने बताया कि दीक्षा राय ने गत 26 जनवरी 2023 को दावथ में राजस्व पदाधिकारी के पद पर योगदान दिया था। एक मई को युपीएससी के साक्षात्कार परीक्षा में शामिल हयी थी। जिसका रिजल्ट 23 मई, मंगलवार को प्रकाशित हुआ है। जिसमें दीक्षा राय को 374वीं रैंक प्राप्त हुई है। सीओ ने बताया की आरओ दीक्षा राय में सीखने की बहुत जिज्ञासा थी। ग्रामीण अंचल से संबंधित कार्यों का निर्वहन भी ठीक से कर रहीं थी। उन्हें हाल ही में बेहतर कार्य के लिए डीएम द्वारा सम्मानित भी किया गया था।

## शराब तस्कर हथियार के साथ गिरफ्तार

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** रोहतास में अवैध शराब की गुप्त सूचना पर सासाराम नगर थाने की पुलिस ने मंगलवार को चवर तकिया मुहल्ले से एक शराब तस्कर को हथियार एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान शराब तस्कर का भाई भागने में सफल रहा। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के चवर तकिया मुहल्ले से एक देसी कट्टा एवं 18 एमएम का जिंदा कारतूस तथा विदेशी शराब के साथ स्थानीय पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार युवक सासाराम क्षेत्र के चवर तकिया निवासी स्वर्गीय दीपक चौधरी का बेटा मनोज कुमार चौधरी है। रेडिको, 8 पीएम तथा रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की ब्रांड की शराब की बोतलें बरामद हुई।

### सीओ ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने को लेकर कराई प्राथमिकी दर्ज

## हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने दो घरों को तोड़कर कराया अतिक्रमण मुक्त

### पुलिस की उपस्थिति में जेसीबी से तोड़ा गया मकान, पुलिस को झेलनी पड़ी परेशानी

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** उच्च न्यायालय के आदेश पर डालमियानगर के प्रयाग बीघा एवं रक्षा बीर मंदिर के पास स्थित दो घरों को तोड़कर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त किया गया। उच्च न्यायालय में प्रयाग बीघा के रविंद्र सिंह के द्वारा गांव के ही एक व्यक्ति के सड़क के बगल में लगभग 10 डिसमिल भूमि का अतिक्रमण करने का मामला चल रहा था। वहीं न्यू सिधौली वार्ड नंबर-4 रक्षाबीर मंदिर के पास स्थित घर के मुखिया जगरोपन सिंह के द्वारा उच्च न्यायालय में दर्ज मामला के तहत आदेश संख्या 238 / 2018 के आलोक में एक कार्रवाई की गई। मामले में यह कहा गया है कि उनके घर के आगे स्थित देवराज राम एवं उसके परिजनों के द्वारा अस्वेस्टस एवं ईट, मिट्टी का मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसका मामला उच्च न्यायालय में चल रहा था। जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश पर डेहरी सीओ द्वारा जेसीबी मशीन से घर को तोड़कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। इधर अंचलाधिकारी अनामिका कुमारी ने बताया कि दोनों मामलों में उच्च न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। जिसमें न्यायालय एवं एमआईसी के आदेश पर दोनों मकानों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उच्च न्यायालय को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय से प्राप्त आदेश के बाद 1 वर्ष पूर्व भी लिखित आवेदन देकर समय पर अतिक्रमण हटाने की बातें कही गई थी। वहीं उन्होंने बताया कि सरकारी कार्य में व्यवधान डालने एवं आत्महत्या करने का मामला भी डालमियानगर थाना में दर्ज कराया जा रहा है। लगभग 50 वर्षों से अपना आशियाना बनाकर रह रहे चंद्र किशोर राम का आशियाना मिनटों में धराशाई हो गया। बताते चलें कि खाता संख्या 699 खेसरा 1020 मैं पिछले दशकों से रह कर जूता चप्पल का दुकान चला रहे अल्बेस्टर एवं ईटा मिट्टी का बने मकान को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर सिओ के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर तोड़ दिया गया। रोते बिलखते चंद्र किशोर अजय राम एवं इनके बच्चे एवं परिवार बताते हैं कि किसी तरह इस मकान में रहकर अपना गुजर-बसर कर रहे थे ।अब इनके समक्ष रहने एवं रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गई है। इनका कहना है कि सरकार एक और जहां गरीबों के लिए मकान बनाकर दे रही है वही हम आज बेघर हो रहे हैं। प्राथमिकी में अंचलाधिकारी ने बताया है कि उक्त अतिक्रमण माननीय उच्च न्यायालय पटना के एमजेसी 238/18 में पारित आदेश के आलोक में हटाया गया है। वहीं एक अन्य मामले में मौजा गंगोली खाता 758 खेसरा 3130 बिहार सरकार की भूमि पर कब्जा करने गए पदाधिकारियों पर अभद्र व्यवहार करने एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दोनों मामले में माननीय उच्च न्यायालय पटना के सीडब्ल्यूजेसी नंबर 23 11 /22 में पारित आदेश के आलोक में अतिक्रमण हटाया गया है। संबंध में सीओ ने बताया कि न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए विधि संगत कार्य किया गया है।

## महिला ने आत्महत्या का किया प्रयास

थाना क्षेत्र के प्रयाग बिगहा एवं न्यू सिधौली में उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। न्यू सिधौली के मामले में खाता संख्या 699 खेसरा 1020 रैयत पीडब्ल्यूडी की भूमि पर अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमणकारी चंद्र किशोर राम की पत्नी द्वारा आत्महत्या का प्रयास करते हुए सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश की गयी। अधिकारी ने बताया कि साथ ही अजय राम के बेटे ने खुद को घर में बंद कर सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश किया जिसके कारण डालमियानगर थाना में अंचलाधिकारी के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## 2.11 लाख हेक्टेयर भूमि में धान की खेती का लक्ष्य निर्धारित

**निज संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** कृषि विभाग ने जिले में खरीफ महाभियान की तैयारी शुरू कर दी है। जिलास्तरीय खरीफ महाअभियान 27 मई को फजलगंज स्थित मल्टीपर्पस हॉल में होगी। जहां किसानों को सभी प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। खरीफ फसल के बारे में किसानों को बताया जाएगा। महा अभियान में किसानों के अलावे कृषि वैज्ञानिक के साथ सभी प्रखंडों के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक व किसान सलाहकार भी कृषि योजनाओं के बारे में बताएंगे।

**पूर्व मध्य रेल**

**गया स्टेशन पर गाड़ी का ठहराव**

| गाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन | समय | | ठहराव की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | |
| 12281 भुवनेश्वर –नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस | गया जं. | 18.40 | 18.43 | 31.05.2023 से |

विस्तृत जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in / NTES APP

मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक/पूमरे./हाजीपुर
पीआर/00387/एमक्यू/ओपीटीजी/एन/23–24/28

## डीईओ ने की स्कूलों की जांच, गायब मिले शिक्षक

**तिलौथू (रोहतास) (नि.सं.)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मंगलवार को प्रखंड के करीब आधे दर्जन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्कूलों में जहां शिक्षक गायब पाए गए वहीं एक स्कूल साढ़े सात बजे भी बंद पाया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि प्रखंड के बडिहा गांव का स्कूल 7:30 बजे तक बंद पाया गया। बताया कि मेरे पहुंचने के बाद प्रधानाध्यापक वहां पर पहुंचे जिनसे कारण लिखित तौर पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

बिहार सरकार

**शिक्षा विभाग**

**आम सूचना**

**मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना तथा मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति मेधावृत्ति योजना हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वर्ष 2019, 2020, 2021 एवं 2022 की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कोटि के द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण लाभुकों को प्रोत्साहन राशि दिये जाने हेतु अंतिम मौका दिनांक 15.06.2023 तक विस्तारित किये जाने के संबंध में।**

- ✓ .वर्ष 2019, 2020, 2021 एवं 2022 के पात्र छात्र / छात्राएं NIC द्वारा विकसित ekalyan पोर्टल **https://medhasoft.bih.nic.in** के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे।
- ✓ . रजिस्ट्रेशन के समय दर्ज कराई गई सूचनाओं के सत्यापन के बाद छात्र /छात्रा के रजिस्टर्ड मोबाइल नं0 तथा ईमेल आईडी पर यूजर आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध होगा।
- ✓ . यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त होने के बाद छात्र / छात्रा को पुनः पोर्टल पर लॉग इन करके फार्म भर सकेंगे।
- ✓ . ध्यान रहे की बैंक खाता पात्र छात्र / छात्रा के अपने नाम से खुला होना चाहिए तथा यह खाता राष्ट्रीयकृत बैंक मान्यता प्राप्त निजी बैंक अथवा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के बिहार में अवस्थित किसी शाखा में संचालित होना चाहिए।
- ✓ .**उक्त योजना के लाभ हेतु वर्ष 2019, 2020, 2021 एवं 2022 के पात्र छात्र / छात्रा दिनांक 15.06.2023 तक रजिस्ट्रेशन करने का अंतिम मौका दिया जा रहा है।**
- ✓ .यदि पात्र छात्र / छात्रा दिनांक 15.06.2023 तक अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करते है तो यह समझा जायेगा कि वे योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक नहीं है तथा दिनांक 15.06.2023 के पश्चात् उन्हें अलग से मौका नहीं दिया जायेगा।
- ✓ .किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए मोबाइल नं0 9534547098, 8986294256 एवं ईमेल आई०डी०–mkuynic@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते है।

**निदेशक (मा०शि०)**
**शिक्षा विभाग, बिहार, पटना**

PR- 002575 (Education) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया प्लांट डिपो का निरीक्षण

### यात्री सुविधा एवं संरक्षा के विभिन्न पहलुओं का लिया जायजा

**निज संवाददाता**





**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा आज 23.05.2023 को प्लांट डिपो, डीडीयू का निरीक्षण कर मशीनों, उपकरणों सहित उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया गया। तत्पष्चात् महाप्रबंधक ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन-गया रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे ट्रैक एवं उसके अनुरक्षण की गुणवत्ता, प्वाइंट, क्रासिंग सहित रेल संरक्षा से संबंधित अन्य विंदुओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने गया जंक्षन का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने यात्रियों के लिए उपलब्ध करायी गयी विभिन्न यात्री सुविधाओं, संरक्षा आदि से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने गया स्टेषन के पुनर्विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा भी की। निरीक्षण में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेष गुप्ता व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ननकू मांझी की मौत के दूसरे दिन हुआ केस दर्ज

**फतेहपुर**: फतेहपुर थानांतर्गत गुरपा ओपी क्षेत्र के ग्राम कोडया टोला विजयनगर में 17 वर्षीय ननकू मांझी की आत्महत्या मामले में दूसरे दिन सोमवार को फतेहपुर थाना एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें बड़ा भाई और भाभी पर जमीन हड़पने का लिए बराबर मारपीट किये जाने का आरोप लगाया गया है। शव को जलाने में भाई व भाभी सहित इसमें सहयोग करने वाले तीन-चार ग्रामीणों को आरोपित किया गया है। यह एफआईआर चौकीदार के फर्द ब्यान पर दर्ज हुआ है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फतेहपुर थाना में दर्ज कराए गए एफआईआर में चौकीदार राजेन्द्र सिंह ने कहा है कि रविवार को सुबह दस बजे कोडया विजयनगर में एक व्यक्ति के आत्महत्या कर लेने की खबर मिली। इसकी सूचना इस गुरपा ओपी प्रभारी की देते हुए 10:15 बजे कोडेया विजयनगर (पहाड़ी) पहुंचा।

## पॉकेटमार की पिटाई कर किया पुलिस को सुपुर्द

**बिहारशरीफ**: नगर थाना क्षेत्र के खंदकपर मोहल्ला में सोमवार को पॉकेटमारी करते हुए बदमाश को राहगीरों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद भीड़ उसकी पिटाई कर दी। मारपीट के बाद बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़ा गया बदमाश दीपनगर के साठोपुर गांव निवासी दिलीप का पुत्र अर्जुन डोम है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने बताया कि पिटाई की सूचना पाकर 112 आपात सेवा की वाहन मौके पर पहुंचकर बदमाश को भीड़ से मुक्त करा, उसे थाना लाई। बदमाश के पास से पॉकेटमारी का दो सौ रुपया बरामद हुआ। केस दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस लगातार ऐसे पॉकेटमारों के खिलाफ अभियान चलाकर गिरफ्तार कर जेल में डाल रही है।

## स्काउट-गाइड कैंप का समापन, गाइडों को दिया गया प्रमाण-पत्र

**टिकारी**: प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय, डिहुरा में भारत स्काउट और गाइड का छह दिवसीय प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय के छठी से नवम कक्षा के 50 छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित स्काउट-गाइड को गले में स्कार्फ पहनाकर शपथ दिलाई गई। शिविर में स्काउटिंग-गाइडिंग से संबंधित विभिन्न प्रकार के गुर छात्रों को सिखाए गए। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सोमवार को प्रशिक्षित स्काउट गाइड द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक अशोक कुमार वर्मा ने स्काउट-गाइड झंडोत्तोलन कर किया। मंच संचालन विद्यालय के सहायक शिक्षक ललन कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संगठन आयुक्त गोपाल कुमार सिंह ने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग युवकों को अत्यधिक मात्रा में क्षमताओं को प्राप्त करने में सहायता प्रदान करती है।

# 'मोदी तीसरी बार पीएम बनेंगे'

## आरसीपी सिंह बोले-नीतीश कुमार में चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं





**नालंदा**: आरसीपी सिंह ने दावा किया है कि नीतीश कुमार में चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं बची है। वो 2005 से मुख्यमंत्री हैं और आज तक चुनाव नहीं लड़े हैं। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार की चुनौती पर आरसीपी ने ये जवाब दिया है। सोमवार को नालंदा में श्रवण कुमार ने कहा था कि नीतीश कुमार यहां से चुनाव लड़ते हैं तो रिकॉर्ड 3 लाख वोट से जीतेंगे।

आरसीपी सिंह ने कहा कि हमारे सभी लोग यहां इकट्ठा हैं। नालंदा जिले में भाजपा को इतना मजबूत कर देना है कि मुख्यमंत्री नीतीश को नालंदा की तरफ झांकने में काफी परेशानी हो। उन्होंने ये भी कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे।

दिल्ली से बीजेपी जॉइन कर पटना लौटने के दौरान स्वागत में बड़े नेताओं के नहीं पहुंचने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जितने लोग हैं, सभी बीजेपी के नेता हैं। बड़े-छोटे का कोई मायने नहीं है। एयरपोर्ट पर जितने भी बीजेपी के साथी थे, सभी सम्मानित सदस्य हैं। देखने का एक नजरिया होता है। बड़ा-छोटा कुछ नहीं होता है। मंगलवार को आरसीपी सिंह नालंदा पहुंचे थे। जहां वो बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। यहां मीडियो से बात करते हुए उन्होंने ये बयान दिया।

**घर-घर जाएगी बीजेपी** : 30 मई से लेकर 30 जून तक भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों को भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताने का काम करेंगे। इसी को लेकर कार्यसमिति की बैठक की गई जिसमें रूप रेखा और संरचना बनाई गई है। आरसीपी सिंह ने कहा कि संगठन में सबकी हिस्सेदारी बराबर होती है। अगर कोई सदस्य बनते हैं तो सभी को 5 रुपए की ही रसीद दी जाती है। भाजपा को नालंदा में स्थापित करने के सवाल पर आरसीपी सिंह ने कहा कि बीजेपी नालंदा में पहले से ही मजबूत है। बिहार शरीफ विधानसभा और राजगीर विधानसभा क्षेत्र में सालों से भाजपा के विधायक जीतते आ रहें हैं। हम लोगों की कोशिश रहेगी कि बूथ स्तर पर ज्यादा से ज्यादा साथियों को जोड़ा जाए और भाजपा को और मजबूत बनाया जाए। इधर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि नालंदा कार्यसमिति के सभी लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई और इसमें संरचना बनाई गई है। प्रखंड से लेकर गांव-गांव जाकर भाजपा के कार्यकर्ता मोदी सरकार की उपलब्धियों चल रही योजनाओं की जानकारी देंगे। कार्यक्रम पूरे 1 महीने चलेगा। बैठक में बिहार शरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष रामसागर सिंह, जिला अध्यक्ष वर्तमान रविशंकर प्रसाद, प्रदेश के प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल, लोस प्रभारी प्रभारी राघवेंद्र सिंह समेत पार्टी के कई नेता मौजूद रहे।

## तिलक समारोह में हथियार लहराना पड़ा महंगा

» ग्रामीणों ने रोकना चाहा तो तान दिया कट्टा, गया पुलिस ने दबोचा, हथियार जब्त

**गया**: गया में तिलक समारोह के दौरान एक युवक को हथियार लहराना महंगा पड़ गया। मामला जिले के बाराचट्टी के गणेशचक गांव का है। जहां पुलिस ने आरोपी को हथियार समेत गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी जिले के फतेहपुर प्रखंड का रहने वाला था। वह नशे में धुत था। एक शख्स को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सत्येन्द्र कुमार के बयान पर केस दर्ज किया है। घटना सोमवार रात की है।

सत्येंद्र कुमार का कहना है कि तिलक समारोह में अचानक एक लड़का कट्टा लेकर आया और हथियार लहराते हुए गोली मारने की बात कहने लगा। उसकी इस हरकत से समारोह में भगदड़ मच गई। लोग भयभीत होकर इधर-उधर भागने लगे। हालांकि जब लोगों ने उसे काबू करने की कोशिश की तो उसने उन पर ही कट्टा तान दिया। इससे और भी माहौल बिगड़ गया। इसी बीच गांव के कुछ साहसी लोगों ने किसी तरह से लड़के को काबू में किया। बाराचट्टी थाना पुलिस को घटना की सूचना दी।

मौके पर पहुंची बाराचट्टी पुलिस ने हथियार समेत युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया युवक फतेहपुर प्रखंड का रहने वाला है। उसने अपनी पहचान विनोद कुमार के रूप में दी है। पुलिस ने जब उस युवक से जानना चाहा कि हथियार कहां से लाए तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

सत्येंद्र कुमार का कहना है कि उसके छोटे भाई का तिलक समारोह चल रहा था। इसी बीच उस युवक ने हंगामा खड़ा कर दिया। तिलक समारोह में वह युवक कहां और किसके साथ आया था। इस बात की पड़ताल चल रही है।

## नालंदा में बदमाशों ने युवक को मारी गोली

» भूमि विवाद को लेकर हुई गोलीबारी, छानबीन में जुटी पुलिस

**नालंदा**: नालंदा में बदमाशों ने सोमवार देर शाम भूमि विवाद में एक युवक को गोली मार दी। मामला नगर थाना क्षेत्र के एतवारी बाजार मोहल्ले का है। जख्मी युवक हरनौत थाना क्षेत्र के बाजार निवासी स्व. मनोज साव के (28) वर्षीय पुत्र विक्की कुमार है। इलाज के लिए देर शाम बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली युवक के कंधे में लगी है। जख्मी विक्की कुमार ने बताया कि एतवारी बाजार मोहल्ले में उसकी जमीन है। शाम को वह अपनी जमीन देखने के लिए आया था। कुछ बदमाशों ने कहा कि यह जमीन उसकी नहीं है। इसी बात पर दोनों में विवाद हुआ। विवाद के बाद दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। इसी दौरान बदमाश गोली चलाने लगा। उसने गोली मारने का आरोप मोसिफ पर लगाया है। गोली लगते ही वह भागकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंच गया। नगर थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि भूमि विवाद में युवक को गोली मारी गई है पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत



**गया**: गया में सोमवार की शाम ट्रेन से कटकर एक एक 63 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना गया शहर के बागेश्वरी गुमटी के पास हुई है। ट्रैक पार करने दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से हादसा हुआ है। जिसके बाद शरीर का हिस्सा दो भागों में कट गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने रेल थाना को सूचना दी। घटना की सूचना पर पहुंची रेल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया है।

**क्या कहते है रेल पुलिस के अधिकारी** : इस संबंध में रेल थाना पुलिस नलिन कुमार पांडेय ने बताया कि सूचना मिला कि एक अज्ञात शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ है। इसके थैले से एक आधार कार्ड मिला हैं। शव की पहचान करने पर मृतक व्यक्ति बायोनी दास पिता रतन दास के रूप में हुई है। जो पश्चिम बंगाल के साकिन चीन पाई के निवासी बताया जाता है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल भेजा गया है।

## 15 जून को बिहार शरीफ में लगेगा जॉब कैंप

» सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया में वैकेंसी, 2150 लोगों को मिलेगी नौकरी

**नालंदा**: सिक्युरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया और सिक्युरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा नालंदा के विभिन्न प्रखंडों में कैंप लगाकर 1700 सुरक्षा जवान, 250 सुरक्षा सिपाही सुपरवाइजर के साथ ही 200 कैश कस्टोडियन का चयन करेंगी। चयनित अभ्यर्थियों को 21 सेंटरों में से एक सेंटर ट्रेनिंग एकेडमी झारखंड के गढ़वा में 1 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस ट्रेनिंग में चयनित अभ्यर्थियों को ड्रिल, पीटी, कराटे, थ्योरी औद्योगिक सुरक्षा, वीआईपी तथा प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कंप्यूटर, बैंक सुरक्षा, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा व अन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा। भर्ती के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य, सुरक्षा जवान की बहाली की जाएगी। 21 से 30 वर्ष के युवा इस में शामिल हो सकते हैं सुरक्षा सिपाही सुपरवाइजर के लिए 21 से 37 वर्ष, ऊँचाई 170 सेंटीमीटर और वजन 56 किलोग्राम होना अनिवार्य है। इच्छुक युवा तय तिथि में शैक्षणिक प्रमाण पत्र व फोटो के साथ शामिल हो सकते हैं।

**कहाँ कब लगेगा शिविर** : सिलाव प्रखंड 23 मई, चंडी प्रखंड 24 मई, नगरनौसा प्रखंड 25 मई, राजगीर प्रखंड 26 मई, परवलपुर प्रखंड 27 मई, गिरियक प्रखंड 29 मई, हरनौत प्रखंड 30 मई, रहुई प्रखंड 5 जून, नूरसराय प्रखंड 6 जून, इस्लामपुर प्रखंड 8 जून, अस्थावां प्रखंड 9 जून, सरमेरा प्रखंड 10 जून, हिलसा प्रखंड 11 जून, बेन प्रखंड 12 जून, एकंगरसराय प्रखंड 13 जून एवं बिहारशरीफ प्रखंड में 15 जून को शिविर लगाया जाएगा।

## बदमाशों ने बाइक सवार महिला का पर्स छीना

**सिलाव**: बाइक सवार बइमाश थाना क्षेत्र के माहुरी गेट के पास बाइक सवार महिला का पर्स छीनकर फरार हो गया। पर्स छीनने के दौरान बाइक सड़क पर पलट गयी। जिससे बाइक चालक जख्मी हो गया। एक महीने के अंदर इस तरह की यह चौथी घटना है। जानकारी के अनुसार सोमवार को महिला सिलाव से इलाज कराकर देवर के साथ गांव सबैत जा रही थी।

घायल देवर एतेशाम आलम ने बताया कि भाभी कैशर प्रवीण का इलाज कराने सिलाव आये थे। वापसी में माहुरी गेट के पास बाइक सवार दो अपराधियों ने भाभी का पर्स छीन लिया। बचने के चक्कर में बाइक पलट गयी। बदमाश पर्स छीनकर नालंदा की ओर भाग गया। पर्स में मोबाइल, आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ 1500 रुपए थे।

## सड़क दुर्घटना में मृत दम्पति के दाह संस्कार में शामिल हुए सांसद



**इमामगंज (गया)**। औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह मंगलवार को इमामगंज के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम चहरा-पहरा निवासी कामता प्रसाद दांगी एवं पत्नी बंधिया देवी की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना पाकर उनके परिजनों संग दाह संस्कार में शामिल हुए और उपस्थित ग्रामीण एवं मृत परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुःखद और मन को झकझोर देने वाली घटना है। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोषा दिया। मौके पर डुमरिया प्रमुख संतोष कुमार गुप्ता, डुमरिया मंडल अध्यक्ष बीरबल कुमार राय, विजय कुमार सिंह, राजेन्द्र पासवान, शबुल दाँगी, गणेश प्रसाद, अजय गुप्ता, जितेन्द्र प्रसाद, डॉ. कैलाश प्रसाद, अनिल राय, रोहित चन्द्रवंशी, भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव पाठक, भाजपा नेता उपेन्द्र सिंह, औरंगाबाद जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह एवं सैंकड़ो स्थानीय एवं ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# तीन लाख की सुपारी लेकर 3 शूटरों ने दिया था हत्याकांड को अंजाम

ठेकेदार हत्याकांड

» मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से दूर, हत्या के कारण भी स्पष्ट नहीं

**जहानाबाद**: ठेकेदार चंदन शर्मा के बहुचर्चित हत्याकांड में पुलिस ने घटना में शामिल दो शूटरों, एक लाइजनर सहित सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सोमवार की शाम अपने कार्यालय कक्ष में एसपी दीपक रंजन ने प्रेस कांफ्रेंस कर अब तक मिले तथ्यों की जानकारियां साझा की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शूटर का वह बैग एवं चप्पल भी बरामद किया है, जो घटना को अंजाम देने के दौरान इस्तेमाल किया गया था। पकड़े गए शूटर में अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र के कोचहसा गांव के राहुल कुमार, राजेश कुमार एवं खीरी थाना अंतर्गत कौशल महतो के साथ साथ करपी थाना के चौहरचक के कौशल कुमार का नाम शामिल है। एसपी ने बताया कि शूटर राहुल कुमार पर नौबतपुर एवं खीरी मोड़ थाना में हत्या एवं आर्म्स एक्ट के तीन मामले पहले से दर्ज हैं। वह एक साल जेल की हवा भी खा चुका है। एसपी बताया कि अभी हत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है क्योंकि अब तक मुख्य साजिशकर्ता पकड़ में नहीं आ सका है। उन्होंने कहा कि वैसे हत्या में पैसे की लेनदेन एवं महिला से अवैध संबंध की बात सामने आ रही है लेकिन अब लेकिन वास्तविक कारण मुख्य आरोपी के पकड़ में आने के बाद ही सामने आ सकेगा।

**मोहल्ले में किराए के मकान से की गई रैकी** : एसपी ने बताया कि जिस वक्त घटना का अंजाम दिया गया पुलिस के लिए यह एक बहुत ही कठिन अनुसंधान का विषय था। लेकिन वैज्ञानिक अनुसंधान के तहत शूटरों तक पहुंचने में कामयाबी मिल गई है। चंदन की हत्या करने से लगभग एक हफ्ता पूर्व से उसकी रैकी की जा रही थी। शूटर शहर के मलहचक मोहल्ले में किराये के मकान में रहकर रैकी किया था। चंदन शर्मा के हत्या के लिए साजिशकर्ता ने शूटर राहुल को तीन लाख की सुपारी दी थी। एडवांस में एक लाख दिए गए थे। राहुल की गिरफ्तारी के बाद राहुल के पास से बैग, कैप और चप्पल बरामद किया गया है। पुलिस का कहना है कि जब तक मुख्य साजिशकर्ता की गिरफ्तारी नहीं होती है तब तक इस बात को नहीं बताया जा सकता है।

**फिरोज हत्याकांड के नजदीक पहुंची पुलिस** : पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है। इधर चंदन हत्याकांड के चार दिन बाद ही शहर में ईदगाह कमेटी के सदस्य फिरोज आलम की अपराधियों ने गोली मार हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में भी पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लग चुके हैं। लेकिन गोपनीयता की वजह से पुलिस अब भी चीजों को सार्वजनिक नहीं कर रही है। एसपी दीपक रंजन के अनुसार फिरोज हत्याकांड का भी पुलिस शीघ्र ही उद्भेदन करने में कामयाब हो जाएगी। एसपी का कहना है कि जल्दीबाजी में पुलिस कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाएगी जिससे बेगुनाह को मामले में परेशानी का सामना करना पड़े।

### आठ मई की देर रात घर के पास ही दिया गया था घटना को अंजाम

मालूम हो कि गत 8 मई की देर रात चंदन शर्मा अपने परिजनों के साथ गया जिले के बेला से एक रिसेप्शन पार्टी से अपने घर लौट रहे थे कि इसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने उनके घर के पास लोकनगर मोहल्ले में गोलियों से छलनी कर मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद से ही मौके पर पहुंची पुलिस हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। इसके लिए एसपी के निर्देश पर एक एसआईटी की टीम का भी गठन किया गया था। साथ ही साथ डॉग स्क्वायड की टीम का भी सहारा लिया गया था और अंततः पुलिस ने हत्या के 15 दिनों बाद दो शूटर समेत चार लोगों को गिरफ्तारी की है।

## लाखों की संपत्ति पर चोरों ने किया हाथ साफ

» कमरा बाहर से बंद कर लाखों की संपत्ति उड़ाई

**टिकारी**: अलीपुर थानाक्षेत्र के डिहुरा ग्राम में रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा घर में सो रही महिला के कमरे का दरवाजा लगा चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना में लाखों के जेवर, बर्तन व अन्य सामान की चोरी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित मदन कुमार द्वारा अलीपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

मदन कुमार ने शिकायत में कहा है कि घर में उनकी मां व मामी सो रही थी। चोरों द्वारा उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बन्द कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। सोमवार की सुबह खोजबीन करने पर घर के समीप खेत से अटैची व बक्सा मिला। पीड़ित मदन कुमार ने बताया कि चोरों द्वारा घटना में दस लाख का जेवर व अन्य बर्तन की चोरी कर ली गई। पीड़ित मदन कुमार ने घटना को लेकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। वहीं मौके पर पहुंची अलीपुर थाना की पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया व चोरों द्वारा फेंके गये बक्सा व अन्य सामान की जांच पड़ताल की। गांव में इस तरह की चोरी की घटना को लेकर चर्चा कर रहे है व घटना में संलिप्त अपराधियों को अविलम्ब गिरफ्तार करने की मांग की है। अलीपुर थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि मदन कुमार द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है।

## वाहन चोर गैंग का सरगना गिरफ्तार



**नालंदा**: नालंदा जिले के परवलपुर थाना क्षेत्र के सलालपुर गांव से पुलिस ने वाहन चोर गैंग के सरगना को दबोचने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार युवक जहानाबाद जिले का निवासी है, जो रविवार को बारात में शामिल होने सलालपुर गांव आया था। सोमवार को हिलसा डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया अपराधी जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र अंतर्गत उबेर गांव निवासी महेश यादव का पुत्र बबलू कुमार है। पुलिस को वाहन लूट के कई मामलों में इसकी तलाश थी।

**बबलू को गिरफ्तार किया गया** : रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि बबलू अपने दोस्त की शादी में शामिल होने सलालपुर गांव आया हुआ है। जहाँ छापेमारी कर पुलिस ने बबलू को गिरफ्तार कर लिया। वह चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार लेकर बारात में शामिल होने आया था। पूछताछ में उसके कई अन्य ट्रैक्टर तथा कार चोरी में संलिप्त रहने की बात सामने आ रही है।उसकी गिरफ्तारी से वाहन चोरों के अंतरजिला नेटवर्क के उद्भेदन की भी पूरी संभावना है।

» चोरी की कार के साथ गिरफ्तार, दोस्त की बारात में शामिल होने आया था सलालपुर गांव

**5 ट्रैक्टर हुई चोरी** : डीएसपी ने बताया कि बबलू यादव पर हिलसा एवं घोषी थाना में लूट, रंगदारी एवं धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। खुद पकड़े गये बदमाश ने पांच ट्रैक्टर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। इस मौके पर थानाध्यक्ष अफसर हुसैन समेत कई वरीय पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## माध्यमिक शिक्षक संघ ने शुरू किया सत्याग्रह

**जहानाबाद**: बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 के विरोध में समाहरणालय के समक्ष सत्याग्रह पूर्ण धरना के आयोजन के क्रम में पहले दिन जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में धरना का आयोजन किया गया। धरना में राज्य संघ की ओर से राज्य कोषाध्यक्ष प्रवीण उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि उक्त नियमावली पंचायती राज संस्थाओं द्वारा नियुक्त शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों के खिलाफ है। यह नियमावली संविधान के अनुच्छेद 14,16एवं 21 का उल्लंघन करता है। विडंबना है कि लोकतंत्र में अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त करने की आजादी है और हमारा संविधान भी अनुच्छेद 19 के द्वारा भारतीय नागरिकों को अधिकार प्रदान करता है। लेकिन सरकार शिक्षकों के मौलिक अधिकारों से भी वंचित करना चाहती है।

## जालसाज ने दो सरकारी व दो निजी जमीन की करवा दी रजिस्ट्री




**बिहारशरीफ**: जिले के एक नए नटवर लाल ने सरकारी तो सरकारी एक आम आदमी की रैयती जमीन भी फर्जी ढंग से दूसरे के यहां रजिस्ट्री कर दी है। मामला अस्थावां थाना क्षेत्र के अंदी गांव की है। यहां शिम्पी कुमारी की जमीन नकली शिम्पी कुमारी बनकर रजिस्ट्री कर दी गई है। जबकि रजिस्ट्री के समय पहचानकर्ता बने अंदी गांव के लक्ष्मीकांत असली शिम्पी कुमारी को पहचानते तक नहीं हैं। इतना ही नहीं, सबसे हैरत की बात तो यह है कि नटवर लाल ने सरकारी जमीन का भी दो प्लॉट किसी व्यक्ति के यहां बेच दिया है।

पूरे मामले की जांच के बाद सदर एसडीओ अभिषेक पलासिया ने न केवल रजिस्ट्री करने वाले व्यक्ति बल्कि गवाह और उन लोगों की पहचान करने वाले पहचानकर्ता तक पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। एसडीओ ने बताया कि अंदी गांव के प्रमोद कुमार पासवान द्वारा दिए गए वंशावली से यह स्पष्ट होता है कि स्व. लाल विशुन महतो के 5 पूत्रों स्व. कामता प्रसाद, बंगाली प्रसाद, रास बिहारी प्रसाद, स्व. विन्देश्वरी प्रसाद व जनार्दन प्रसाद हैं। स्व. लाल विशुन महतो के पांचों पुत्रों ने आपसी सहमति से खानगी बंटवारा किया था। इतना ही नहीं स्व. कामता प्रसाद की एक मात्र पुत्री शिम्पी कुमारी ही है।

**संजय कुमार ने कर दी रजिस्ट्री**: पहले मामले में पहचानकर्ता बने संजय प्रसाद की पहचान भी नहीं हुई और शिम्पी कुमारी की दूसरी जमीन को किसी संजय कुमार ने दूसरे व्यक्ति के यहां रजिस्ट्री कर दी। इस रजिस्ट्री में पहचानकर्ता मिथिलेश प्रसाद और गवाह में सोहन राम का हस्ताक्षर है। इतना ही नहीं,जिन्होंने जमीन की रजिस्ट्री करवाई है,उनका कहना है कि वे पहले से संजय प्रसाद को नहीं जानते हैं। रजिस्ट्री के समय जिस आधार कार्ड का उपयोग किया था,वह भी फर्जी था। जिस संजय प्रसाद ने गवाह बनकर जो हस्ताक्षर किए थे,वह भी नकली था। इनका सभी प्रमाण पत्र नागेन्द्र प्रसाद सिंह के नाम से बना हुआ है।

**पहचानकर्ता ही है मुख्य आरोपी** : एसडीओ ने बताया कि पहचानकर्ता लक्ष्मीकांत न तो असली शिम्पी कुमारी को पहचानता है और न ही रजिस्ट्री में गवाह बने असली संजय प्रसाद को। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस मामले में पहचानकर्ता लक्ष्मीकांत पासवान ही मुख्य रुप से पूरे मामले का दोषी है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सदर एसडीओ अभिषेक पलासिया ने परिवादकर्ता व जांच के बाद पहचानकर्ता,गवाह व विक्रेता के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है।

**कितनी जमीन हुई रजिस्ट्री** : शिम्पी कुमारी की एक जमीन3.5, दूसरी जमीन 7 डिस्मिल के अलावा गैर मजरुआ आम जमीन7.81 डिस्मिल व1.5625ड िस्मिल जमीन को भी फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कर दी गई है। सबसे हैरत की बात तो यह है कि गैर मजरुआ आम जमीन की रजिस्ट्री में भी पहचानकर्ता लक्ष्मीकांत पासवान ही है।

## राज्यस्तरीय फोटोग्राफी में सात्विक ने जीता पुरस्कार



**आरा**: पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय ऑन स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में आरा की सात्विक पायस ने पुरस्कार जीता है। आरा सिविल कोर्ट की सिविल जज पूजा शर्मा के 6 वर्षीय पुत्र सात्विक ने फोटोग्राफी के माध्यम से नए आयामों को छुआ है। जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में सात्विक पायस ने अपने फोटोग्राफी जीत हासिल की है। पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के चीफ सेक्रेट्री ने पटना में पुरस्कृत किया है। सात्विक ने बताया कि फोटोग्राफी एक ऐसी कला है, जो फोटो के माध्यम से ही बिना कुछ कहे और बिना कुछ लिखे सबकुछ बयां किया जा सकता है। आगे चलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहते हैं तथा अपने क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन करना चाहते हैं।

## निवास प्रमाण पत्र बनाने को लेकर लोगों ने एसडीओ को ज्ञापन

**डालमियानगर**: डालमियानगर स्थित रोहतास उद्योग समूह के क्वार्टरों में वर्षों से रहने वाले लोगों को सीओ द्वारा स्थाई निवास प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किए जाने को लेकर सोमवार को अनुमंडल अधिकारी को जनता जागृति मंच के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर जनता जागृति मंच ने आवाज बुलंद करते हुए मंच के अध्यक्ष बैरिस्टर सिंह ने डेहरी के अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। डीएम व एसडीएम के नाम से संयुक्त रूप से लिखे गए उक्त ज्ञापन में यह कहा गया है कि सन 1984 से बंद पड़े रोहतास उद्योग समूह जो अभी लिक्विडेशन में है व पटना उच्च न्यायालय के अधीन है के कंपनी क्वार्टर में अभी भी पूर्व कर्मचारी के परिजन रहते हैं।

## यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र को दी श्रद्धांजलि

**आरा**: अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष के निधन पर श्री कृष्ण चेतना समिति सभागार आरा में श्रद्धांजलि सभा हुआ। अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने किया। रामसकल सिंह ने कहा कि बनकट निवासी वीरेंद्र यादव महासभा के जगदीशपुर प्रखंड अध्यक्ष थे। वे एक निर्भिक निष्पक्ष एवं संघर्षशील नेता थे। सामाजिक कार्यो में उनकी चढ़-बढ़ कर सहभागिता रहती थी। उनकी मृत्यु समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है।

# बड़क मुसहर हत्याकांड में बजरंगी तिवारी गिरफ्तार

### गाली देने पर हुआ था विवाद, दो लोगो की पहले भी कर चुका है हत्या

**बक्सर**: बक्सर जिले के भदवर गांव के निवासी गुप्तेश्वर तिवारी का पुत्र बजरंगी तिवारी 25 वर्ष को तीसरे मर्डर के केस में जेल भेजा दिया गया है। जिसकी जानकारी बगेन थानाध्यक्ष अजित कुमार ने दी है। पुलिस की पूछताछ में उसने हत्या की बात को स्वीकार किया है, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। 2019 में भी उसने मामूली विवाद में एक साथ दो लोगो की हत्या कर दिया था। दो दिन पहले अपने गांव के निवासी बड़क मुसहर का मामूली विवाद पर उसने हत्या कर दिया। घटना की मिली जानकारी के अनुसार बजरंगी नशे का आदि है, साथ ही वह सनकी दिमाग का है। जिसके आतंक का दहशत पूरे गांव में है। तीसरे हत्या के बाद गिरफ्तार कर उससे हुई, पुछताछ में उसने हत्या की बात को स्वीकार किया है।



**मामूली विवाद पर कर दिया हत्या** : 20 मई की सुबह नहर के भदवार गांव निवासी बड़क मुसहर 40 वर्ष पिता -मिश्री लाल मुसहर का शव मिला था। जिसका सर लहूलुहान था, देखने से प्रतीत हो रहा था कि किसी ने नुकीले रॉड से उसके सिर पर वार किया है। जिसके बाद से ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का FIR दर्ज कराया गया था। हालांकि हत्या के दिन से ही गांव में यह चर्चा बना हुआ था, कि यह काम बजरंगी तिवारी का ही है। जिसे हिरासत में ले पुलिस ने पूछताछ किया। जिसमे उसने हत्या की बात को स्वीकार कर लिया। हत्या करने से पहले बजरंगी और बड़क मुसहर ने एक साथ नशे का सेवन किया था। जिसके बाद मामूली बात पर दोनों में विवाद हो गया। जिसके बाद बजरंगी तिवारी ने उसकी हत्या करने की बात कही।

**सितंबर के 2019 में एक साथ की थी दो हत्याएं** : बजरंगी पर पहले से भी दो हत्या का आरोप है। 2019 के सितंबर महीने में भी गाली देने पर एक साथ दो लोगो की हत्या करने का आरोप है। भदवर के पास बगीचे में बरुहां के जोगींद्र पांडेय और कुरूथियां निवासी प्रदीप साह मौजूद थे। आरोपी बजरंगी तिवारी ने उस वक्त पुलिस को बताया था कि उन दोनों ने मुझे गाली दी। बजरंगी ने खुद हत्या की बात को स्वीकार किया था। उसने बताया मैने डंडे से उन दोनों को मारा था। मुझे यह नहीं पता था कि वे दोनों मर जाएंगे। हत्या के बाद बजरंगी गांव के एक पेड़ पर छुपा रहा और पुलिस ने उसे कर गिरफ्तार लिया। कुछ दिनों के बाद वह जेल से छूट कर आ गया था।

## परिमार्जन वाद को निष्पादन करने को लेकर किया परिवाद दायर

**ब्रह्मपुर**: अंचल कार्यालय के मामलों से लोक शिकायत निवारण कार्यालय की फाइलें दिन प्रतिदिन मोटी होती जा रही है। जिसके पीछे अंचलाधिकारी एवं सम्बन्धित कर्मचारी की लापरवाही का नतीजा है। कुछ सप्ताह पूर्व ही जिलाधिकारी के द्वारा कई सीओ पर कार्रवाई भी किया गया। उसके बावजूद भी इन लोगों के कार्य प्रणाली में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। दिनांक 3 मार्च 2023 को प्रकाश कुमार ओझा के द्वारा अपील दायर किया गया। अपीलार्थी ने परिमार्जन वाद को निष्पादित नहीं करने के संबंध में अपीलवाद दायर किया। अपीलवाद की सुनवाई विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गयी। अपीलवाद पर सुनवाई की। निर्धारित दो तिथियों क्रमशः 31 मार्च 2023 एवं 21 अप्रैल 2023 को उपस्थित होने की सूचना दूरभाष पर दिये जाने के बावजूद भी अपीलार्थी अनुपस्थित एवं लोक प्राधिकार उपस्थित थे। अपील आवेदन एवं अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, डुमरांव द्वारा पारित विनिश्चय का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी के अपीलवाद के आलोक में लोक प्राधिकार सह अंचल अधिकारी, ब्रह्मपुर को नोटिस निर्गत कर प्रतिवेदन की मांग की गयी।

# घर से चार लाख के गहने व 15 हजार की नगदी चोरी

**बक्सर**: बक्सर जिले के दंगौली गांव में चोरों ने एक घर से गहने समेत नगद रुपयों की चोरी कर ली है। घरवालों की जब नींद खुली तो बिखरे हुए घर का समान देख सब दंग रह गए। उसके बाद जब अलमारी और बक्से में रखे गहने और रुपये को ढुँढना शुरू किया तो सभी गायब थे। घर का मुख्य दरवाजा खुला था, जिसकी सूचना घरवालों ने पहले आसपास के लोगो को दिया। जिसके बाद पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। सूचना के बाद से ही मुरार थाना की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घर से चोरों ने 4 लाख के गहने समेत 15 हजार रुपए नगद लेकर फरार हो गए है।

**शादी समारोह से लौटने के बाद घर के छत पर सो रहे थे लोग**

मामला मुरार थाना क्षेत्र के दौगौली गांव का है। जहां के निवासी स्वर्गीय विद्या सागर के पुत्र अभिषेक कुमार ने बताया कि मैं और मेरा भाई रात 10 बजे एक शादी समारोह से लौटने के बाद घर की छत पर सो गए। जहां घर के अन्य सदस्य भी सोए हुए थे। लेकिन सुबह 4 बजे जब उनकी नींद खुली तो घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। घर मे सारा समान बिखरा हुआ था।



अलमारी से 8 ग्राम का सोने का झुमका,100 ग्राम का चांदी का पायल, 3 ग्राम का मनटिका, नथिया 3 ग्राम,8 ग्राम का मंगल सूत्र,12 ग्राम का चैन, और नगद 15 हजार रुपए के साथ ही चाची के अलमारी से चैन,नथिया,झुमका,लॉकेट पर भी चोरों ने अपना हाथ साफ कर दिया।

**क्या कहते है थानाध्यक्ष** : मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि स्वर्गीय विद्यासागर के पुत्र विकास कुमार ने थाने को अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया गया है। मौके पहुंचकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा।

## सड़क हादसे में जलहरा गांव के शिक्षक की मौत

**राजपुर**: राजपुर थाना क्षेत्र के बक्सर - सासाराम मुख्य मार्ग में बघेलवा (तियरा) मोड़ के पास सोमवार की देर दोपहर सड़क हादसे में 37 वर्षीय शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक शिक्षक बृजमोहन राय जलहरा गांव का निवासी बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जलहरा गांव के रहने वाले स्वर्गीय शिक्षक रामसुंदर राय के पुत्र बृजमोहन डुमराँव अनुमंडल के मिडिल स्कूल उड़ीयानगंज में शारीरिक शिक्षक थे।

बृजमोहन राय स्कूली कार्य निपटा कर सोमवार की देर दोपहर बाइक से अपने गांव जलहरा जा रहे थे। इसी बीच तियरा बघेलवा मोड़ के समीप कोचस से आ रही एक ट्रक ने सामने से टक्कर मार दिया। जिसके बाद बाइक समेत सड़क पर ही धड़ाम से गिर पड़े। वही बाइक की परखच्चे उड़ गया। इस दौरान आनन-फानन में स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए वाराणसी ले जाया जा रहा था तभी भगतगंज गांव के पास शिक्षक ने दम तोड़ दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव ने बताया कि शिक्षक के पिता की मृत्यु पहले ही हो चुकी थी। बृजमोहन राय परिवार की इकलौता संतान थे, जिनके दो पुत्र भी है।

# पर्दे के पीछे किंगमेकरों का सजने लगा दरबार

**डुमरांव**: सरकार ने नगर परिषद की संरचना में बदलाव किया। वार्ड पार्षद के बजाये जनता मुख्य पार्षद व उपमुख्य पार्षद का चुनाव करेंगी। पूर्व में वार्ड पार्षद इसे तय करते थे। कहने को तो चुने वार्ड पार्षदों की भूमिका होती थी। परंतु पर्दा के पीछे किंगमेकरों की भूमिका होती थी। आम जनता से सीधे चुने के जाने की सरकार की घोषणा के बाद किंगमेकर भी अपने रंग में आ गये हैं। उनके यहां भी दरबार सजने लगा है हालांकि दरबार पर्दा के पीछे सज रहा हैं।




भावी प्रत्याशियों को इस बात का डर सता रहा है कि यदि सीधे संपर्क में आये तो वोट खिसकर दूसरे पाले में भी जा सकता है जहां नुकसान होने की संभावना हैं। कई ऐसे भी किंगमेंकर है जो अपने चहेते भावी प्रत्याशियों से सीधे मोबाइल पर भी बात से परहेज कर रहे हैं। बल्कि पुराने जमाने के टेलीग्राम का उपयोग करने की सोच रहे हैं। ताकि उनकी रणनीति दीवारों को भी पता नहीं चल सकें।

विदित हो कि 2001 में डुमरांव नगर परिषद के आम चुनाव में किंगमेंकर की भूमिका नहीं रही थीं। उस वक्त डुमरांव के प्रसिद्ध व्यवसायी स्व द्वारिका केसरी की पत्नी मीरा मुख्य पार्षद के पद पर आसिन हुई थीं। वर्ष 2007 के चुनाव में पहली बार किंगमेंकर सामने आयें। उस व्यक्त कमलेश प्रसाद चेयरमैन बनें थे। उनके चेयरमैन बनते ही एक विशेष वर्ग का कब्जा हो गया। इस वर्ग के समर्थकों को नगर परिषद क्षेत्र के नाली-गली सहित अन्य कार्यो का ठेका मिलना शुरू हो गया। इस वर्ग का साढे सात वर्षों तक कब्जा रहा। इसके बाद मोहन मिश्रा ने चुनौती दीं।

यह ढाई साल तक पद पर बने रहें। इसके बाद इनकी पत्नी विभा देवी चेयरमैन बनीं। इनके कार्यकाल में किंगमेकरों की भूमिका कम रहीं। क्योंकि कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव ने अपने आगे किसी को चलने नहीं दिया। पदाधिकारी तथा उस समय की सरकार ने सभी वर्ग के लोगों का खुश करने का प्रयास किया। विभा मिश्रा को भागमनी देवी ने चुनौती दीं। मुख्य पार्षद के पद पर आसिन हुईं। इनके पद पर आते ही पुनः युवाओं की तुती बोलने लगीं।

## दहेज प्रताड़ना मामले में एफआईआर दर्ज

**बक्सर**: दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। महिला थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बाज़ार समिति के रहने वाले जयशंकर प्रसाद की पुत्री प्रियंका कुमारी की शादी यूपी के गाजीपुर जिला के भांवरकोल थाना क्षेत्र के सबितापुर गांव के शिव कुमार प्रसाद के पुत्र बिरेंद्र प्रसाद के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। मामले में कई बार समझौता करने का प्रयास किया गया। विवाहिता को ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने मामले में महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। महिला थानाध्यक्ष कंचन कुमारी ने बताया कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 28 मई तक नियुक्ति नहीं मिली तो 29 से भूख हड़ताल करेंगे अनुकम्पा आश्रित

**बक्सर**: नियुक्ति की आस में कमलदह पोखरा के समीप अनुकम्पा आश्रितों की अनिश्चितकालीन धरना जारी है। सोमवार को जारी इस धरना पर बैठे आश्रितों का कहना है कि 15 मई से धरना जारी है। इस चिलचिलाती धूप में अपनी मांगों के समर्थन में बात रख रहे हैं, परन्तु प्रशासन की ओर से कोई पूछने तक नही आता। जबकि अपनी मांगों को लेकर डीडीसी के साथ ही अन्य पदाधिकारियों के यहां गुहार लगा चुके हैं। बावजूद कोई सुन नही रहा है।

आश्रितों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अन्य जिलों में नियुक्ति हो गयी। किन्तु बक्सर जिले में इसकी कोई सुगबुगाहट तक नही है। उदाहरण के तौर पर खगड़िया जिले में सेकेंड लिस्ट की मांग हो गई है। किंतु बक्सर में पहला लिस्ट भी क्लियर नही हुआ है। ऐसे में धरनार्थियों ने कहा कि जब तक हमलोगों को लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा तब तक हमलोग अनिश्चितकालीन धरना जारी रखेंगे। धरनार्थियों ने कहा कि



जब हमलोगों का यह हाल है तो पीछे वालों का क्या होगा। एक स्वर में कहा कि 28 मई तक नियुक्ति/ नियोजन नही किया जाता है तो 29 मई से भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

ऐसे में अनुकम्पा आश्रितों को भूख हड़ताल से कोई बात हुई तो इसकी पूरी जबाबदेही डीडीसी व प्रशासन की होगी। मालूम हो कि अनुकम्पा शिक्षक संघ जिला इकाई बक्सर के सदस्य लगातार नियुक्ति को लेकर डीडीसी बक्सर के यहां चक्कर लगा रहे थे। जहां इनके फाइल को लौटा दिया जा रहा है। ऐसे में आश्रित डीडीसी से खुद मिले जहां उन्हें निराशा हाथ लगी। इस तरह आर्थिक तंगी से जूझ रहे आश्रित अपनी बात को साहबों तक पहुंचाने के लिए धरना पर बैठ गए हैं।

## 28 से शुरु होगा पोलियो अभियान, बनी 21 टीम

**गड़हनी**: 28 मई से प्लस पोलियो प्रतिरक्षा अभियान की शुरुआत होगी। जिसको सफल बनाने के लिए गड़हनी में 51 टीम गठित की गयी है। पर्यवेक्षण के लिए 15 सुपरवाइजर को लगाया गया है। अभियान की सफलता के लिए सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक हुई।

बताया गया कि अभियान के दौरान प्रत्येक सुपरवाइजर के साथ 3 कर्मी रहेंगे जो क्षेत्र में बच्चो को खुराक देंगे। बस स्टैंड, ईंट भट्ठा, टेंपू स्टैंड सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर बच्चों को खुराक पिलाया जाना है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील महेंद्र कपूर, स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार, डॉ मनन भगत, डब्लू एचओ कार्डिनेटर इंद्रेश सिंह, प्रधान लेख पाल शंभू प्रसाद, बीसीएम प्रकाश कुमार, कमला प्रसाद सहित एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी थे।

# महिला कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर व्याख्यान



**आरा**: महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस परव्याख्यानकराया गया।अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आभा सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य वक्ता डॉ विकास चंद्रा ने किया। वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मीना कुमारी ने जैव विविधता का संरक्षण एवं उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया।

व्याख्यानमें डॉ फरीदा बानो, डॉ लतिका वर्मा, डॉ राजीव कुमार, डॉ मनोज कुमार, डॉ सुप्रिया झा, डॉ स्मिता, डॉ खुशबू, डॉसूक्ष्माकुमारऔर डॉ अनुपमासहितअन्य शिक्षक उपस्थित थे। महाविद्यालय की छात्राओं ने भी जैव विविधता के बारे में जानकारी दी। जैव विविधता पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## जाम से रोजाना मुसीबत झेल रहे बिहियावासी

**बिहिया**: नगर पंचायत, बिहिया के राजा बाजार चौक और कटेया रोड में इन दिनों रोजाना जाम लग रहा है। इस वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल लगन के इस मौसम में खरीदारी करने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। ऐसे में लोगों की आवाजाही काफी बढ़ गयी है। स्थिति यह है कि वाहनों की आवाजाही बढ़ने से राजा बाजार चौक के अलावा कटेया रोड, सब्जी मंडी रोड, मेन रोड व नवोदय रोड में भी जाम लग जा रहा है।

जाम लगने के बाद लोग जाम की चक्की में पीस कर घंटों कराहने को विवश हो रहे है। जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहा है। गौरतलब हो कि प्रशासन द्वारा कई बार चेतावनी दिए जाने के बाद भी फुटपाथी दुकानदारों द्वारा सड़क पर अपनी दुकान लगा दी जाती है।

# छात्रों ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली

**कोईलवर**: नगर पंचायत कोईलवर में वन विभाग के अधिकारियों के साथ सोनभद्र विद्यालय कोईलवर के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाला। जागरूकता रैली कोईलवर थाना रोड, कोईलवर थाना मोड़, स्टेशन रोड, कपिलदेव चौक होते हुये फोरलेन हाइवे पहुँचा। जागरूकता रैली में शामिल छात्र हाथों में तख्ती लिए हुए थे। जिसमें वायुमंडल सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाए, जल संरक्षण करें व प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील किया।

रेंज ऑफिसर रंजन कुमार शर्मा ने कहा कि प्लास्टिक का लगातार उपयोग किए जाने से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें। मौके पर वन विभाग के पुलिस अधिकारी अंजली कुमारी ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के



लिए 6 जून तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इधर जागरूकता रैली के बाद छात्र-छात्रा के साथ वन विभाग के अधिकारी आरा पहुँच वीर कुंवर सिंह पार्क में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर वन प्रमंडल, भोजपुर के रेंज ऑफिसर रंजन कुमार शर्मा, वन पुलिस अधिकारी गुंजन कुमार, मनीष कुमार, राजेश कुमार, सुचित्रा कुमारी, पूनम कुमारी, सोनभद्र विद्यालय के निदेशक संजय शर्मा, शिक्षक पंकज सिंह, व्यास देव, सौरभ मिश्रा समेत छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

# चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**आरा**: भोजपुर जिले में पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्ण कराने को लेकर समाहरणालय आरा में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता डीएम राजकुमार ने की। जिसमें प्रखंडवार एवं पंचायतवार मतदान के लिए मतदान केंद्रों की कुल संख्या 80 बनाये गये है।

जिसमें किन किन पदों पर मतदान कराया जाना है। इसकी समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान चरपोखरी प्रखंड के बाबूबांध पंचायत के मुखिया पद के लिए 9 मतदान केंद्र, ठाकुरी पंचायत के वार्ड सदस्य-1और मुकुंदपुर पंचायत के पंच-1, बड़हरा प्रखंड के पूर्वी गुंडी पंचायत में मुखिया पद के लिए-16, सरैया पंचायत के सरपंच पद के लिए 17 बूथ और पश्चिमी गुंडी पंचायत मे वार्ड सदस्य-1 बूथ बनाये गये है।

जगदीशपुर प्रखंड ककिला पंचायत में मुखिया पद के 16बूथ,

**» शांतिपूर्ण मतदान के लिए समाहरणालय में बैठक**

उतरदाहा पंचायत के वार्ड सदस्य-1, दिलीपपुर पंचायत के वार्ड सदस्य-1, उत्तरवारी जंगलमहल वार्ड सदस्य के लिए 1और हरदिया पंचायत के पंच पद के लिए 1 बूथ, कोइलवर प्रखंड के सकडी पंचायत में पंच 1, अगिआंव प्रखंड के सेवथा पंचायत वार्ड सदस्य-1, आरा सदर प्रखंड के कड़ारी पंचायत के वार्ड सदस्य-1और बसंतपुर पंचायत के पंच-1, शाहपुर प्रखंड के झौवा बेलवानिया के वार्ड सदस्य-1 और सहार प्रखंड के अमरुहा सरपंच पद के के लिए 10 बूथ बनाए गए हैं। पंचायत उप चुनाव के लिए 3 से 9 मई तक नामांकन हुआ था। चुनाव चिन्ह 15 मई को और मतदान 25 मई को हो रहा है। 27 मई को मतगणना होगा।

# आरपीसी बेलाउर नहर के लिए 20.39 लाख स्वीकृत

**सिंचाई का पानी योजना**

**आरा**: हर खेत के अंतिम छोर तक सिंचाई का पानी योजना के तहत सोन नहर प्रमंडल आरा ने 20.39 लाख के राशि से नहर का सफाई करने का प्राक्कलन तैयार कर दिया है। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल गयी है। टेंडर कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही कार्य शुरु हो जाएगा।

कार्य आरा मुख्य नहर से 68.403 किलोमीटर से निसृत आरपीसी बेलाउर के 00 किलोमीटर से 3.300 किलोमीटर दूरी तक कार्य कराना है। नहर के साफ-सफाई से क्षेत्र के भारी आबादी को फायदा मिलेगा। आरपीसी नहर से पवना, बनकट, भगवानपुर, बेलाउर, भगवतीपुर समेत 7 गांव के किसानों के खेत की अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। जो मई से कार्य शुरु कराने का आदेश निर्गत है। कुछ तकनीकी त्रुटि में सुधार होते ही युद्ध स्तर पर कार्य शुरु कराने का दावा विभाग द्वारा किया



जा रहा है। स्थानीय जानकारों ने बताया कि इस नहर से करीब 1000 बीघा से अधिक खेत को आसानी से पटवन होने लगेगा। किसान नहर के पुनरस्थापना की खबर से काफी खुश है। कहना है कि नहर से पहले पानी जाता है। कुछ खेत ऊंचे है। नहर में गाद भर गया है। अंतिम छोर तक पानी पहुंचने के पहले यत्र तत्र पानी का बहाव हो जाता है। गाद की सफाई होने से अंतिम छोर तक खेतों में पटवन होने लगेगा। सोन नहर प्रमंडल आरा के कार्यपालक अभियंता मिथलेश कुमार दिनकर ने बताया कि आरपीसी बेलाउर का कार्य अंतिम चरण में है। 31 मार्च 2023 को प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर हुआ। विभाग को छः माह में नहर के साफ सफाई करने का समय मिला है। बहुत जल्द ही कार्य शुरु करा दिया जाएगा।

# संविधान के अस्तित्व को समाप्त करने पर तुली है केंद्र सरकार

**अम्बेडकर परिचर्चा**

**अकोढ़ीगोला**: स्थानीय मुख्य बाजार के राजद प्रखण्ड कार्यालय के प्रागंण में सोमवार को प्रखंड स्तरीय अम्बेडकर परिचर्चा कि आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बिहार सरकार की मंत्री सह नोखा विधायक अनीता चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष बेशलाल सिंह व संचालन पूर्व मुखिया हरेराम सिंह किया।

कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार अम्बेडकर की लिखी संविधान के अस्तित्व को समाप्त करने पर तुल्य गई है। अगर उनकी बनाई गई संविधान का अस्तित्व समाप्त हो गई तो आने वाले समय मे सभी का भविष्य अंधकार में हो जाएगा। उन्होंने केन्द्र सरकार के आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अगर हमारी संगठन मजबूत होगी तब केन्द्र सरकार को जबाब दे सकते हैं। संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक पहुंच कर अम्बेडकर परिचर्चा को लोगों तक पहुंचानी पड़ेगी।

लोगों के घर घर जाकर जागरूक करना होगा की केन्द्र सरकार अम्बेडकर कि संविधान को अस्तित्व समाप्ति के कगार पर पहुंचा दिया है। अगर संविधान की अस्तित्व समाप्त हो जाएगी तो अतिपिछड़ा, दलित व महादलित के लोग के साथ साथ आमलोग की भी भविष्य नरक हो जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रंगलाल डोम, पूर्व जिला प्रवक्ता राजकिशोर, धन्जी यादव, रिंकु कुमार सिंह, सुभाष राम, संजय कुमार, निजाम अंसारी, शाकिर अंसारी, हरेराम रजवार आदि मौजूद थे।

**एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण मिशन 2023 का हुआ आगाज, एक माह तक चलेगा**

# बालिकाओं के बेहतर भविष्य की शुरुआत है 'जेम 2023' : डी. रत्नाकुमारी बाब्जी



**निज संवाददाता**

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सहायक देश की महारत्न कंपनियों में से एक एनटीपीसी द्वारा देश भर में बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को नबीनगर स्थित एनटीपीसी में भी एक माह तक चलने वाले बालिका सशक्तिकरण मिशन (जेम) 2023 का आगाज किया गया। देर शाम एनटीपीसी के टाउनशिप अदिति नगर स्थित केन्द्रीय विधालय के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर जेम 2023 का शुभारम्भ किया गया जिसका उद्घाटन सुजाता लेडिज क्लब, पटना की अध्यक्षा डी. रत्ना कुमारी बाब्जी, नबीनगर एनटीपीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीएन राव, स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा लक्ष्मी राव समेत अन्य वरीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में आस पास के ग्रामीण परिवार समेत भारी संख्या में बालिकायें उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डी. रत्ना कुमारी बाब्जी ने अभियान में भाग ले रही बालिकाओं को शुभकामना देते हुए कहा कि

### विभिन्न विषयों पर बालिकाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

वहीं कार्यक्रम में बालिकाओं की रंगारंग प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। इस दौरान सभी बालिकाओं को स्वागत करने के पश्चात उन्हें विशेष केट तथा बैग प्रदान किए गए जिसमें योगा किट, ट्रैकसूट, टी-शर्ट तथा पठन एवं लेखन सामग्री वितरित की गई। बता दें कि इस बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं को विभिन्न विषय पर प्रशिक्षण के साथ-साथ योगा, आत्म रक्षा, संगीत, नृत्य, खेलकूद इत्यादि का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। बालिकाओं के व्यक्तित्व, कौशल विकास पर एवं विशेष ज्ञान पर भी चर्चा की जाएगी। 3 सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान में भाग ले रही ग्रामीण बालिकाओं के आवासन, भोजन तथा अन्य आवश्यक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सभी उचित एनटीपीसी द्वारा प्रबंध किए गए हैं। अभियान में कोर्स की रूपरेखा के अनुसार सभी क्रियाकलापों पर ध्यान देने के लिए एजेंसी तथा स्वरा महिला संघ के सदस्यों का भी सहयोग लिया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों में जी.एम. मनोज अग्रवाल, जी.एम. आर पी अग्रवाल, जी.एम. आई श्रीनिवास, बीआरबीसीएल के सीईओ रवी प्रकाश, संगिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा कीर्ति प्रकाश, मानव संसाधन के अपर महाप्रबंधक सुमिता मारिया, चरणजीत सिंह, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के अपर महाप्रबंधक अरविंद कुमार पासवान, जनसंपर्क की उप महाप्रबंधक आभा पांडे समेत अन्य अधिकारीगण, कर्मचारी, ग्रामीण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सीआईएसएफ के कर्मी उपस्थित रहे।

### जीवन स्तर में सुधार ला रही एनटीपीसी : बीवीएन राव

मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीएन राव ने कहा कि एनटीपीसी नबीनगर देश की अग्रणी विद्युत उत्पादन संयंत्रों में से एक होने के साथ-साथ अपने नैगम सामाजिक दायित्वों के माध्यम से परियोजना के आप-पास के क्षेत्रों में निवास कर रहे ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाकर उनके जीवन को प्रकाशमान कर रही है। इसी तारतम्य में नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत एनटीपीसी नबीनगर में 22 मई 2023 से 16 जून 2023 तक बालिका सशक्तिकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होनें आगे कहा कि एनटीपीसी नबीनगर, ग्रामीण पृष्टभूमि की बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तिकरण हेतु हमेशा से ही प्रयासरत है। इस वर्ष बालिका सशक्तिकरण मिशन 2023 का मूलमंत्र 'सपनों की उड़ान' है। यह बच्चियां ना सिर्फ अपने जीवन में बल्कि आस-पास के लोगों में भी सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम रहेंगी। बालिका सशक्तिकरण अभियान एक माह का आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला है जिसमें बालिकाओं के व्यक्तित्व एवं प्रतिभा को निखारने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

एनटीपीसी अपने प्राथमिक कार्य बिजली उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक विकास एवं उत्थान पर विश्वास रखती है। एनटीपीसी ने समाज की प्रत्येक पंक्ति का विकास करना अपना दायित्व समझा है। जेम 2023 का आगाज इन्हीं बातों को सिध्य करता है। उन्होनें आगे बताया कि एनटीपीसी के देश भर में चल रहे 41 परियोजना से जुडी तीन हजार से अधिक ग्रामीण बालिकाओं का समुचित विकास इस अभियान के तहत करने का लक्ष रखा गया है। हमारे पार्टनर जीवाईटी के माध्यम से बालिकाओं का सांस्कृतिक, बौद्धिक, सामाजिक, शैक्षणिक, मानसिक, शारीरिक एवं व्यक्तित्व विकास कराया जाएगा। यह कार्यक्रम बालिकाओं के बेहतर भविष्य की शुरुआत है। मेरा विश्वास है कि इन कार्यक्रमों से इन बच्चियों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आयेगा। यह अभियान उन सभी ग्रामीण बालिकाओं के लिए सुनहरा अवसर है जो मौके के आभाव में पीछे रह जा रही हैं।

**पुलिस ने चोरी की घटना का किया उद्भेदन**

## तीन किशोर समेत दो हिरासत में चोरी का सामान हुआ बरामद



**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में पुलिस ने एक चोर सरगना का उद्भेदन किया है। जिसमे शामिल तीन किशोर सहित दो युवक को हिरासत में लिया गया है। वहीं चोरी किये गए सामानों को भी बरामद कर लिया है। जिसे मंगलवार को नगर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में घटना को अंजाम देने वाले तीन विधि विवादित किशोर के अलावा दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा चोरी किए सोने की गहने, फ्रिज , टीवी व कई घरेलू उपयोग की सामग्रियां समेत मोबाईल फोन एवं घटना में उपयोग किया गया एक ऑटो को बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी स्वीटी सहरावत ने बताया कि 14 मई की रात चोरों ने रजवाड़ी गांव निवासी विकास कुमार यादव के घर में उस वक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जब उनके परिवार के सभी सदस्य एक शादी समारोह में गए हुए थे। घटना के बाद गृह स्वामी ने नगर थाने में चोरी से सम्बंधित आवेदन देते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। इसे लेकर एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देशन में एसडीपीओ के एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिसमें नगर थानाध्यक्ष सतीश बिहारी शरण, सहायक थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव, अनुसंधानकर्ता मो. अख्तर एवं तकनिकी शाखा द्वारा प्राप्त सुत्र एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से कंाड का सफल उदभेदन किया गया। इस घटना में शामिल तीन विधि विवादित किशोरों के साथ-साथ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यारी गांव निवासी सत्येन्द्र कुमार उर्फ बुधन एवं पचरूखिया गांव निवासी पंकज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार विधि विवादित किशोर एवं अभियुक्तों के अलावा घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की खोजबीन एवं अन्य मामलों का पता लगाया जा रहा है। ऐसे चोरी की घटना में शामिल कोई भी किसी सूरत में बख्शे नही जाएंगे।

## कैच द रैन के तहत चौपाल एवं निबंध प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**औरंगाबाद (का.सं.)।** कैच द रैन के तहत नेहरू युवा केन्द्र द्वारा चौपाल एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आश्य के जानकारी देते हुए आयोजके नव युवा समिति के अध्यक्ष



आदित्य कुमार ने बताया कि कैच द रैन कार्यक्रम का उद्देश्य पानी को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करना है। यदि आज पानी नहीं बचाएंगे तो भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एनवाईके द्वारा औरंगाबाद एवं बारूण प्रखंड में निबंध प्रतियोगिता एवं चौपाल कार्यक्रम जिसमें विचार गोष्टी का आयोजन होगा। कार्यक्रम में जल बचाने के लिए युवाओं द्वारा शपथ भी लिया जाएगा।

## चाकूबाजी में जख्मी महिला ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**निज संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** चाकूबाजी में जख्मी एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार की शाम गया मगध मेडिकल कॉलेज में उसने दम तोड़ा। मृतका की पहचान 35 वर्षीय महिला संजू कुंवर दाउदनगर थाना क्षेत्र के चौरम गांव की रहने वाली थी। 20 मई को मामूली बात को लेकर उत्पन्न विवाद में उक्त महिला को चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था। जिसके बाद जख्मी महिला को इलाज के लिए दाउदनगर पीएचसी में ले जाया गया था। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था, लेकिन सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने भी महिला की स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद महिला की गया मगध मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था, लेकिन गंभीर रूप से जख्मी महिला की इलाज के दौरान ही मौत हो गई। जिसके बाद गया पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। महिला की मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। महिला के साथ चाकूबाजी मामले में 20 मई को ही दाउदनगर थाना में दर्ज कर लिया गया था। जिसमें चौरम गांव निवासी शिवम कुमार, रंजीत चंद्रवंशी, विकास कुमार व सत्यम कुमार को आरोपी बनाया गया था। पुलिस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी शिवम कुमार व उसके पिता रंजीत चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## जहरीला पदार्थ खाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

**कार्यालय संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सोमवार की शाम एक अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना सलैया थाना क्षेत्र के बैजू बिगहा गांव से जुड़ा है। मृतक 50 वर्षीय अधेड़ सूबेदार सिंह सलैया थाना क्षेत्र के बैजू बिगहा गांव का रहने वाला था। सूत्रों की मानें तो अधेड़ को परिजनों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुई थी। जिसके बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी।

ग्रामीणों ने अधेड़ को इलाज के लिए मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे औरंगाबाद सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद अधेड़ को मृत घोषित कर दिया गया। जिसके बाद इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम कराया और फिर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## डीएम की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की हुई बैठक

**कार्यालय संवाददाता**



**औरंगाबाद।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गयी। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकरीगण से परिचय प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में ढँचा बीज वितरण का कार्य चल रही है जिसे किसानों को 17 रू. प्रति कि.ग्रा. के हिसाब से अधिकतम 20 कि.ग्रा. बीज प्रति किसान दिया जाना है। जिले में उर्वरक की कमी नहीं है। साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वंचित किसानों को ईकेवाईसी कराना अनिवार्य है। अगर कोइ भी कृषक ईकेवाईसी नहीं कराते है तो उनके खाते में अगली किस्त नहीं जायेगी। बैठक में उपस्थित सहायक निदेशक, उद्यान बताया गया है कि इस जिले अन्तर्गत अमरूद की खेती कराने हेतु कुल 06 प्रखंडों का चयन किया गया है। यथा देव, मदनपुर, रफीगंज, कुटुम्बा, नवीनगर एवं हसपुरा प्रखंड है। इन सभी प्रखंडों के चयनित पंचायत में अमरूद की खेती की जायेगी। जिला पदाधिकारी के द्वारा निदेश दिया गया कि इन सभी पंचायतों में किसानों की चयन एवं उनके उत्पादन तथा बिक्री करने हेतु कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के कर्मी का दायित्व निर्धारण करे। साथ ही सहायक निदेशक, रसायन, मि.जाँ. प्रयोगशाला, औरंगाबाद को निदेश दिया गया कि चयनित प्रखंड / पंचायतों मिट्टी नमूना संग्रह कर किसानों के प्रतिवेदन उपलब्ध कराते हुये पोषक तत्व से संबंधित कमी एवं उनके निदान के बारे में बताये। बैठक में मुख्य रूप से डीडीएम, नाबार्ड, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद / दाउदनगर कार्यपालक अभियंता सोन उच्च स्तरीय प्रमंडल, औरंगाबाद एवं सहायक निदेशक (प्रक्षेत्र) उपस्थित थे।

## विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

**कार्यालय संवाददाता**



**औरंगाबाद।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत की अध्यक्षता में विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा समाहरणालय कक्ष में विद्युत विभाग के अभियंताओं के साथ की गई। उक्त समीक्षा में विद्युत विभाग के द्वारा चलाए जा रहे उपभोक्ताओं के कल्याणकारी योजनाओं को आम उपभोक्ता तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पदाधिकारी ने औरंगाबाद जिला का प्रशाखावार विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध की गई प्राथमिकी, नए विद्युत संबंध हेतु प्राप्त आवेदन के आलोक में सुलभता पूर्वक विद्युत संबंध प्रदान करने, विद्युत विपत्र सुधार संबंधित प्राप्त आवेदन पर तत्काल कारवाई परियोजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिए जाने इत्यादि का बिंदुवार समीक्षा किया। इसके साथ ही विद्युत अभियंताओं को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को नया विद्युत संबंध प्रदान करने और उपभोक्ता के शिकायत के आलोक में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उक्त समीक्षा बैठक में विद्युत विभाग के औरंगाबाद एवं दाउदनगर के कार्यपालक अभियंता, सभी सहायक अभियंता एवं सभी कनीय विद्युत अभियंता उपस्थित रहे।

## मिशन लाइफ के अंतर्गत एनसीसी द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली

**कार्यालय संवाददाता**



**औरंगाबाद।** मिशन लाइफ के अंतर्गत मंगलवार को तेरह बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता के लिए बटालियन कार्यालय से रमेश चौक होते हुए सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के लिए कैडेट्स के द्वारा रैली निकाली गई। रैली में अनुग्रह नारायण सिन्हा कॉलेज नबीनगर, राम लखन सिंह यादव कॉलेज औरंगाबाद, जवाहरलाल नेहरू कॉलेज डेहरी, अनुग्रह इंटर विद्यालय औरंगाबाद, उच्च माध्यमिक विद्यालय वालिदाद, अरवल के सैकड़ों कैडेट्स ने भाग लिया। इन कैडेट्स के हाथों में पर्यावरण संरक्षण के लिए नारे लिखे बैनर थे। रैली समापन के पश्चात सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज के ऑडिटोरियम में प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट पूजा कुमारी को प्रथम स्थान, सिंहा कॉलेज के कैडेट अंकित कुमार सिंह को दूसरा स्थान एवं कैडेट गोलू कुमार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कमान अधिकारी कर्नल विपुल वाया ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति लोगों में विशेषकर युवाओं में जागरूकता लाने की जरूरत है। पर्यावरण संरक्षण के लिए जितना जरूरी कानून बनाना है। उतना ही जरूरी लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना भी है। एनसीसी के कैडेट्स पुनीत सागर अभियान, वृक्षारोपण, अपशिष्ट प्रबंधन, हाफ मैराथन, नुक्कड़ नाटक आदि माध्यमों से समाज का ध्यान पर्यावरण की तरफ आकृष्ट करते रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन सीटीओ अक्षय जैन तथा धन्यवाद ज्ञापन लेफ्टिनेंट ओम प्रकाश सिंह ने किया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर विराज टोप्पो, नायब सूबेदार राजेश कुमार, संजय कुमार, कैडेट्स निखिल कुमार, सबीना बानो, प्रियांशु कुमारी, शिवम कुमार, आकांक्षा कुमारी, अंजलि कुमारी, ऋतुराज कुमार, कृष्णानंद पांडे, नवीन कुमार, बलराम पांडे आदि उपस्थित थे।

